CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :38°C न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स 82,429.90 निफ्टी 24,924.70

सोना 95,812 चांदी 97,000

मुरादाबाद, मंगलवार 13 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 273 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका व चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुझे वो आंसू याद रहेंगे, जो तुमने कभी नहीं दिखाए: अनुष्का**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## सिंधु जल संधि पर पाक को मोदी का साफ इशारा

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा

## राष्ट्र के नाम पीएम का संबोधन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ ही दुनिया को सीधा संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते, अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी।

कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्यूक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। मोदी बोले कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता की सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ

- मोदी बोले न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा
- अपनी शर्तों पर देंगे करारा जवाब, पाक के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, तीनों सेनाएं अलर्ट पर
- पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी
- पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी
- जिन आतंकियों ने मां- बहनों का सिंदूर मिटाया, उन्हें मिटा दिया, 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए
- पीएम मोदी बोले- पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को हमारी सेना ने नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था



जीरो टालरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी, तो पीओके पर ही होगी। मैं एक बार फिर भारत की सेना और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत और पाकिस्तान के DGMO ने दूसरी बार की वार्ता

- 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को आपस में बातचीत की।

ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों डीजीएमओ ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। भारत की ओर से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बात की। बता दें कि हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी, लेकिन यह बातचीत शाम पांच बजे शुरू हुई। बातचीत के परिणाम के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इस पर भारत ने बदला लेने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला बोला था। 6 मई की देर रात शुरू हुई भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचा। इसके बाद उसने शांति का प्रस्ताव रखा। तब पहली बार पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन पर बात कर संघर्ष विराम करने की अपील की थी।

## हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया





**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सोमवार को कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है।

## हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो: एयर मार्शल भारती

**नई दिल्ली।** वायुसेना के संचालन महानिदेशक एयर मार्शल एके भारती ने भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के किराना हिल्स में कथित तौर पर स्थित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने की अटकलों को खारिज कर दिया है। एयर मार्शल भारती ने सोमवार को यहां ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष ब्रीफिंग में सवालों के जवाब में यह बात कही। सोशल मीडिया पर चल रही इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर कि क्या भारत ने किराना हिल्स में उस जगह को निशाना बनाया है, जहां परमाणु भंडारण सुविधा होने की बात कही जा रही थी, एयर मार्शल भारती ने कहा कि हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु प्रतिष्ठान हैं और हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो। एयर मार्शल ने कहा कि हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके ढांचे से थी।

# विराट ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। विराट कोहली के इस फैसले सभी को चौंका दिया है। कोहली ने अपने सोशल मीडिया मंच पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी देते हुए लिखा कि 14 साल बीत गए, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनी थी।

सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा और जिंदगी भर साथ रहने वाले सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि सफेद जर्सी में खेलना बहुत विशेष होता है। वे शांत संघर्ष, लंबे समय तक, और वो छोटे-छोटे पल जिन्हें शायद कोई नहीं देखता, लेकिन ये हमेशा दिल में रह जाते हैं। इस प्रारूप से अलग होना आसान तो नहीं था, लेकिन यह एक सही निर्णय है। मैंने इस प्रारूप को अपना सब कुछ दिया और इसने बदले में मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया, जितनी मैंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।

## बीती रात जम्मू-कश्मीर और सीमाओं पर शांति रही : सेना

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद रविवार रात जम्मू-कश्मीर और सीमा पर शांति रही। सेना ने सोमवार सुबह बताया कि जम्मू-कश्मीर और अंतर्राष्ट्रीय सीमा से लगे अन्य इलाकों में रात काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। किसी भी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है। सेना ने कहा है कि हाल के दिनों में यह पहली रात्रि है, जब सीमाओं पर शांति रही। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 100 से अधिक आतंकवादियों के मारे जाने के बाद से पाकिस्तान भारत के नागरिक और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर हमले कर रहा था।

## एसएमएस स्टेडियम को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर में सोमवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम (एसएमएस) को बम से उड़ाने की फिर धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने स्टेडियम को खाली कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी व्यक्ति ने सोमवार को खेल परिषद कार्यालय में ईमेल भेजकर एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। खेल परिषद के अधिकारियों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी। इसके बाद पुलिस टीम एवं बम निरोधक दस्ता तथा अन्य टीमें एसएमएस स्टेडियम पहुंची एवं स्टेडियम को खाली कराया गया तथा सर्च अभियान शुरू किया।

## सिक्किम में भूकंप के तीव्र झटके महसूस

**गंगटोक।** सिक्किम में सोमवार तड़के भूकंप के तीव्र झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने बताया कि राज्य में सोमवार तड़के महसूस किए गए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र गंगटोक के दक्षिणी हिस्से के पास ताडोंग से लगभग 218 किलोमीटर की दूरी और जमीन से 10 किलोमीटर की गहराई पर 29.02 डिग्री पूर्वी देशांतर और 87.48 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर स्थित था। फिलहाल, पूर्वी हिमालयी राज्य में किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।

## कर्नाटक कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर को पाक का हिस्सा दिखाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें जम्मू-कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा दिखाने वाला नक्शा था। कन्नड़ में किए गए इस पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी और सरकार की आलोचना की गई थी, क्योंकि वे पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिलने वाले लोन को रोकने में नाकामयाब रहे। हालांकि यह पोस्ट अब x से हटा दी गई है। जब इस बारे में पूछा गया तो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि यह गलत है। एक छोटी सी गलती थी। हमने सब कुछ हटा दिया है। किसी ने शरारत की थी।

# एल्विश यादव को हाईकोर्ट से झटका

प्रयागराज, वार्ता

**सोशल मीडिया** इंफ्लुएंसर और यू-ट्यूबर एल्विश यादव को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने एल्विश यादव की रेव पार्टी में ड्रग्स-सांप के जहर के इस्तेमाल मामले में चार्जशीट-समन रद्द करने की याचिका को खारिज कर दिया है।

इस मामले की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने की। सोमवार को जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव ने इस मामले में फैसला सुनाया। इस मामले में तीन नवम्बर 2023 को नोएडा के सेक्टर 49 में यू-ट्यूबर एल्विश यादव समेत कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पीएफए ऑर्गेनाइजेशन के एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सभी पर रेव पार्टी में ड्रग्स, स्नेक वेनम के प्रयोग व जिंदा सांपों के साथ वीडियो बनाने का आरोप लगा था। एल्विश यादव के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम और आईपीसी व



- सांप से जहर निकालने के मामले में दर्ज एफआईआर नहीं होगी रद्द

एनडीपीएस अधिनियम की कई धाराओं में मामला दर्ज है। इसी मामले में नोएडा सेक्टर-49 में एक थाने में दर्ज एफआईआर में एल्विश के खिलाफ चार्जशीट फाइल की गई है। साथ ही अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा समन भी जारी किया गया है। एल्विश की ओर से इस चार्जशीट और कार्रवाई को यह कहते हुए चुनौती दी गई है कि एल्विश के खिलाफ जानकारी देने वाला वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत एफआईआर दर्ज करने के लिए सक्षम नहीं था। यह दलील दी गई है कि आवेदक यानी कि एल्विश के पास से कोई सांप या नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ है। वहीं एल्विश और अन्य सह-अभियुक्तों के बीच कोई संबंध स्थापित नहीं हुआ है। एल्विश की ओर से ये भी कहा गया है कि सूचना देने वाला व्यक्ति अब पशु कल्याण अधिकारी नहीं है, लेकिन उसने खुद को पशु कल्याण अधिकारी बताते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एल्विश की ओर से कोर्ट में यह भी दलील दी गई कि आवेदक एक प्रभावशाली व्यक्ति है और टेलीविजन पर कई रियलिटी शो में दिखाई देता है। ऐसे में एफआईआर में एल्विश का नाम होने से मीडिया का इस ओर बहुत ध्यान गया। मीडिया की खबरों के चलते ही पुलिस अधिकारियों ने आवेदक को गिरफ्तार करने के तुरंत बाद धारा 27 और 27 ये एनडीपीएस अधिनियम को लागू करके मामले को और अधिक संवेदनशील बनाने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस अतिरिक्त आरोपों को साबित करने में फेल रही है।

# 32 नागरिक हवाई अड्डों पर उड़ाने शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को हटा लिया है।

ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइनों से सीधे उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइन की वेबसाइटों पर नजर रखें। गौरतलब है कि विमानन प्राधिकरणों ने 10 मई को उत्तरी और पश्चिमी भारत के 32



हवाई अड्डों को सभी तरह के नागरिक उड़ान संचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद करने की घोषणा की थी। प्राधिकरण ने जिन हवाई अड्डों पर परिचालन के लिए अस्थायी पाबंदी लगाई थी, उनमें उधमपुर, अम्बाला, अमृतसर, अवंतीपुर, बठिंडा, भुज,बीकानेर, चंडीगढ़, हलवारा, हिंडन, जैसलमेर, जम्मू, जामनगर, जोधपुर, कांडला, कांगड़ा (गग्गल), केशोद, किशनगढ़, कुल्लू मनाली (भुंतर), लेह, लुधियाना, मुंद्रा, नलिया, पठानकोट,पटियाला, पोरबंदर, राजकोट (हीरासर), सरसावा, शिमला, श्रीनगर, थोइस और उत्तरलाई शामिल थे।

# मप्र के 45 व राजस्थान के आठ जिलों में अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कई राज्यों में बारिश शुरू, 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, तापमान बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच कई राज्यों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को मध्य प्रदेश के 45 और राजस्थान के 8 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

तेज हवाओं के साथ कुछ इलाकों में ओले भी गिरने की आशंका है। राजस्थान में रविवार सुबह से भीषण गर्मी रही। दोपहर के बाद नागौर, चितौड़गढ़, कोटा सहित 10 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मध्य प्रदेश के 8 शहरों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। राजस्थान के हनुमानगढ़ और मप्र के अशोकनगर में ओले भी गिरे। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे के दौरान लगभग 15 जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार चला गया। वाराणसी 42.2 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 3 से 4 दिनों में राज्य के ज्यादातर इलाकों में तापमान में 5 से 6 डिग्री और बढ़ सकता है। मौसम विभाग ने सोमवार को 20 राज्यों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई है। इनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम, मेघालय, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं।


# हमने भारत-पाकिस्तान के बीच परमाणु जंग रोकी: ट्रम्प

## कहा: दोनों देशों को समझाया, लड़ाई नहीं रोकी, तो ट्रेड नहीं करेंगे, इस पर दोनों देश मान गए

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाली परमाणु जंग रोक दी है। उन्होंने सोमवार को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ने दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने में मदद की है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे यकीन है कि यह सीजफायर स्थायी होगा।

दोनों देशों के पास बहुत सारे परमाणु हथियार हैं, इससे एक भीषण परमाणु जंग छिड़ सकती थी। लाखों लोग मारे जा सकते थे। ट्रम्प ने कहा कि मैंने दोनों से कहा कि चलिए इसे रोकते हैं, अगर आप इसे रोकते हैं, तो हम व्यापार कर



रहे हैं। अगर आप इसे नहीं रोकते हैं, तो हम कोई व्यापार नहीं करेंगे। लोगों ने कभी भी बिजनेस का उस तरह से इस्तेमाल नहीं किया जैसा मैंने किया। ट्रम्प ने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि भारत और पाकिस्तान की

- मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है भारत और पाकिस्तान की लीडरशिप बहुत मजबूत और शक्तिशाली है

लीडरशिप बहुत मजबूत और शक्तिशाली है। उनके पास हालात की गंभीरता को समझने की ताकत, बुद्धि और धीरज भरा नजरिया था। हमने बहुत मदद की। मैं उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को उनके काम के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। ट्रम्प ने कहा कि मैंने कहा आइए, हम आप लोगों के साथ बहुत सारा व्यापार करने जा रहे हैं। हम अभी भारत के साथ बातचीत कर रहे हैं। हम जल्द ही पाकिस्तान के साथ बातचीत करने जा रहे हैं। ट्रम्प के बेटे ट्रम्प जूनियर ने रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का क्रेडिट पिता को दिया था। उन्होंने कहा था कि स्मार्ट लोग बातचीत की टेबल पर हैं और अमेरिका की वजह से दुनिया एक सुरक्षित जगह है। इससे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने भी ट्रम्प की तारीफ की थी। उन्होंने शनिवार को टीवी पर दिए गए भाषण में भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के लिए उनकी तारीफ की थी।

# पाकिस्तान को हथियार नहीं भेजे: चीन

- भारत से तनाव के दौरान कार्गो प्लेन भेजने को अफवाह बताया

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान हथियार भेजने की खबरों को झूठा बताया है। चीनी सेना ने सोमवार को उन खबरों पर आपत्ति जताई है, जिसमें दावा किया गया था कि चीन का सबसे बड़ा कार्गो प्लेन Xian Y-20 पाकिस्तान को हथियार भेज रहा है।

चीन के रक्षा मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा गया है कि ये सभी दावे बिल्कुल झूठे और निराधार हैं। चीनी सेना ने इन अफवाहों को लेकर कई सोशल मीडिया पोस्ट्स के स्क्रीनशॉट भी साझा किए, जिन पर लाल रंग में अफवाह लिखा गया था। इस बयान में चेतावनी दी गई है कि इंटरनेट कानून से परे नहीं है, जो भी सैन्य से जुड़ी अफवाहें फैलाएगा, उसे कानूनी जिम्मेदारी का सामना करना पड़ेगा। चीन ने भारत और पाक के बीच सीजफायर का स्वागत किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि सीजफायर से भारत और पाक दोनों देशों के हित पूरे होंगे। इससे इलाके में शांति और स्थिरता आएगी। भारत और पाकिस्तान हमेशा एक दूसरे के पड़ोसी हैं और रहेंगे।

# एसडीएम ने बंद कराया मिट्टी का अवैध खनन

## पुलिस ने मिट्टी से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सरकार और अधिकारियों की आंख में धूल झोंक कर क्षेत्र में मिट्टी को अवैध खनन का कारोबार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा केशु के जंगलों में मिट्टी का अवैध खनन ट्रैक्टर ट्रालियों से किया जा रहा था, जिससे परेशान होकर ग्राम वासियों ने धामपुर एसडीएम एवं थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार को इसकी शिकायत की। एसडीएम के आदेश के बाद स्थानीय पुलिस ग्राम नवादा केशु में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन माफियाओं पर चाबुक चलाने के लिए पहुंच गई लेकिन खनन माफियाओं के सूत्र इतने मजबूत है कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही उनको जानकारी हो गई और सभी खनन माफिया अपने ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी व अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए। पुलिस को खाली हाथ लौटना पड़ा। वहीं ग्राम वासियों का कहना है कि खनन माफियाओं ने रात दिन ट्रैक्टर ट्रालियों से खनन कर रहे हैं और 8-10 फिट तकमिट्टी उठाई जा रही है जो गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे बड़ा हादसा हो सकता है और किसानों को भी भारी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम मकसूदपुर और मेवाजट में मिट्टी का अवैध कारोबार लगभग पांच दिन से चल रहा था जिसको रात में स्योहारा पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जाकर पकड़ा और दो ट्रैक्टर थाने ले आए। एसडीएम के आदेश पर की गई इस कार्यवाही से सभी खनन माफियाओं के हौंसले पस्त होते हुए नजर आ रहे हैं।

सभी में खलबली मच गई। पुलिस के द्वारा यदि समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्र में नजर बनाकर रखी जाए तो आए दिन मिट्टी के अवैध खनन पकड़े जा सकते हैं।

# धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव चांदा नंगली में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष पर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई।

गांव चांदा नंगली में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन कथावाचक निर्मल महाराज ने पूजन कराया। 41 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसके बाद प्रसाद वितरण कर कथा शुरू हुई। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेंद्र कमलेश देवी, बाबूराम आर्य, अमर सिंह, आदेश देवी, सरोज देवी, आयुषी, फूलवती, गायत्री, पवन कुमार, कविता, राजेश्वरी देवी आदि मौजूद रहे।

# गुलदार को वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू



## बीमार गुलदार को इलाज के लिए भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** गांव कुंडा गांवड़ी के निकट जंगल में एक गुलदार को सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू सर्चिंग अभियान चलाकर पकड़ लिया। टीम ने बीमार गुलदार को उपचार के लिए ले गई।

गांव कुंडा के जंगल में कुछ लोगों को रविवार को एक गुलदार दिखाई दिया। गुलदार चल भी नहीं पा रहा था। लोगों की सूचना पाकर ग्रामवासी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मामले की सूचना फोन पर वन विभाग टीम को दी। मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी चांदपुर दुष्यंत कुमार, वन रक्षक बबलू, सादिक, सागर कुमार, सौरभ कुमार आदि पहुंचे। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर गुलदार को पकड़ लिया। टीम उसे उपचार के लिए अपने साथ ले गई।

# एहसास फाउंडेशन ने लगाया कैम्प

## हज यात्रियों को दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** चौक बाजार समाजसेवी शहजाद अहमद मलिक के निवास पर ताजपुर हज एहसास फाउंडेशन की ओर से हाजियों के लिए कैम्प लगाया गया।

कैम्प में हजरत मुफ्ती अली हसन ने हाजियों से खिताब फरमाते हुए कहा है कि हाजी साहब हज पर जाने से पहले अल्लाह ताला व दुनिया वालों के हक मारकर हज करने ना जाए। जो दूसरों का हक मारकर हज करने जाता है अल्लाह ताला उसका हज कबूल नहीं करता है। इसलिए इन सब बातों का ख्याल रखें, अल्लाह ताला ने हर मुसलमान पर हज फर्ज किया है। इसलिए अल्लाह ताला से हर मुसलमान दुआ करें कि अल्लाह ताला हज्जे बैतुल्लाह की जियारत करा दें। हज के दौरान सभी हाजी हज के सभी अरकान अदा करें। कोई भी अरकान ना छूटे, हज के दौरान कोई भी ऐसा काम ना करें, जिससे गुनाह हो, हर किसी को गुनाहों से बचने की कोशिश करनी चाहिए। अल्लाह ताला अपने गुनाहों की रो रो कर माफी मांग. नी चाहिए। जब हज के सफर पर जायें, अपने रिश्तेदारों व करीबी दोस्त लोगों से मुलाकात कर गलती को माफ कराके जायें। इस मौके पर हाजी शाकिर सिद्दीकी, समाजसेवी शहजाद अहमद मलिक, आसिफ सिद्दीकी, उसामा मकरानी, फैजान सिद्दीकी, शाहजेब मलिक, मो. आसिफ, आदिल मंसूरी, नासिर मलिक, मास्टर सरफराज, गुलफाम सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी, कारी अजीम फरीदी, कासिम मकरानी, हाजी हामिद मकरानी, हाजी फुरकान उर्फ इरफान मकरानी, डॉ. शमशाद अहमद, नईम अहमद अंसारी, हाजी बाबू मकरानी, कारी मुतंजीम, मुफ्ती अताउर्रहमान, कारी जाहिद, हाफिज शाहिद आदि मौजूद रहे। बाद में हजरत मुफ्ती अली हसन ने मुल्क की सलामती व भाईचारे के लिए दुआ कराई।

# पड़ोसन ने महिला के सिर पर ईंट से किया हमला

## पीड़िता ने तहरीर सौंप कर की कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक महिला ने अपनी पड़ोसन पर अकारण ही गाली गलौच और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला सुदेश पत्नी इंद्र सिंह निवासी मोहल्ला फतेहनगर ने पुलिस को तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुदेश का आरोप है कि उसकी पड़ोसन सुशीला ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि सुशीला ने ईंट से उसके सिर पर वार किया, जिससे उसके सिर में चोट आई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### दुकान में गल्ले से नकदी चोरी

**नांगल सोती।** साइकिल की दुकान से चोरों ने गल्ले में रखी नगदी चोरी कर ली। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। गांव कामराजपुर निवासी शहाबुद्दीन की नांगल-चंदक मार्ग पर गांव में ही अड्डे पर साइकिल की दुकान है। रविवार की दोपहर शहाबुद्दीन किसी कार्य से दुकान खुली छोड़कर बिजनौर गया था। आरोप है कि इसी दौरान चोरों ने गल्ले में रखी 12000 की नगदी चोरी कर ली। चोर समीप की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। दुकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई

**कालागढ़।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए साथ ही उनके जीवन का संदेश जन जन तक पहुचाया। आज देशभर में गौतम बुद्ध का बुद्ध पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया गया।


### बाला जी आश्रम पर भंडारा



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मंडोरा मे स्थित श्री बाला जी आश्रम पर बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य मे दसवां विशाल भंडारा व जागरण कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। प्रात: नौ बजे आश्रम परिसर में बने दस हवन कुंड पर पुजारी नरदेव सिंह भगत के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर समाज व देश की खुशहाली मंगल कामना की। आस पास के सभी गांवों से पधारे हजारों श्रद्धालुओ ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर आश्रम में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर पर सुबह से ही क्षेत्र वासियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। इस अवसर पर राहुल कुमार, सुरेश कुमार, सचिन कुमार, नन्हे, सुमित पाल, सत्ते सैनी, लवकुश सैनी सोमवीर सिंह आदि गांव वासी लोग मौजूद रहे।

# चांदपुर में बिक रहा कैमिकलयुक्त खरबूजा

## मुनाफाखोर खुलेआम कर रहे लोगों के जीवन से खिलवाड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजकल चांदपुर के बाजारों में सबकुछ नकली ही नकली माल बेचा जा रहा है । अब वह चाहे खाने का हो या फिर पकाने का। नकली और जहरीला पदार्थ मिक्स कर लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर आजकल अधिंकांशत: नकली खाद्य पदार्थो की बिक्री धड़ल्ले से चर्चा वायरल हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि कुछ मुनाफाखोर जमकर लोगो के जीवन से खिलवाड़ कर अपनी चांदी बनाने में लगे हुए है। नकली सरसो का तेल, नकली व प्लास्टिक के चावल बिक्री की चर्चा के बाद अब बाजार में जहरीला कैमिकल युक्त खरबूजा बेचा जाना है। बाजारों मे कैमिकल युक्त खरबूजे की बिक्री होने की जबरदस्त चर्चाएं सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। लोगों का कहना है कि इस बार चांदपुर की मण्डी में कैमिकलयुक्त खरबूजा बाहर से लाकर यहां बेचा जा रहा है जो कि बेहिसाब मीठा है और लोग मीठापन देखकर कैमिकल से पका हुआ सौ रूपए का चार किलो के दाम से खरीद कर अपने परिवार को खिला रहे है। यह खरबूजा बाजार मे हर तीसरे ठेले पर लदा पड़ा है। जनता की माने तो इस खरबूजे का कलर भी अलग है और स्वाद में बेहिसाब मीठा है। हालांकि इस बारे में किसान से जानकारी ली गई तो उसका कहना था कि इन दिनों में खरबूजा बेस्वाद हो जाता है मगर यह खरबूजा नई मिठास लेकर बाजार में है। बेल मे पके खरबूजे की पहचान बताते हुए किसान सलीम अहमद ने कहा कि खेत में बेल में लगा खरबूजा पका होने की असली पहचान यह है कि उसे काटने के बाद तरलता नहीं होगी और उसका पानी चिपचिपाहट जैसा प्रतीत नहीं होगा जबकि जहरीला कैमिकल से पका हुआ खरबूजा मीठा ज्यादा होगा और पानी छोड़ेगा और उसकी तरलता को सूंघने पर अलग ही खुशबू आयेगी जो चिपचिपाहट भरी होगी।

## बुद्ध पूर्णिमा पर पिलाया शर्बत



**हल्दौर।** हल्दौर के मोहल्ला तोलावाला के निकट स्थित चामुंडा मंदिर के पास बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। लोगों ने गर्मी से राहत देने के लिए राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया और धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर महाराज चरणदास, डॉ. जसराम गौतम, वीरेंद्र सिंह, दीपक कुमार, मुकुल कुमार, राहुल कुमार, अनिल कुमार, कपिल कुमार, पिंटू कुमार, प्रेम कुमार एवं अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

## आईटीआई में एडमिशन की प्रक्रिया जारी

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि अगस्त 2025 से प्रारंभ हो रहे आईटीआई के प्रशिक्षण सत्र के लिए जनपद में संचालित 05 राजकीय एवं 21 निजी आईटीआई जिसमें टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित ट्रेड भी सम्मिलित हैं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने कक्षा 8 अथवा 10 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है तथा वे किसी रोजगार परक कोर्स में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे अपना एडमिशन फॉर्म www.scvtup.in पर यथाशीघ्र ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पानी और खून...**

और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तो पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला, तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं।

दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रति. बिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है ,तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मास. ूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं, हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

# सास और मां ने किडनी देकर बचाई दो जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** मदर्स डे के अवसर पर फोर्टिस अस्पताल नोएडा के डॉक्टरों ने दो हाइरिस्क किडनी ट्रांसप्लांट करते हुए ऐसे दो व्यक्तियों को नया जीवन दान दिया। ये किडनी की ला इलाज बीमारी से परेशान थे। डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर, नेफ्रोलॉजी ने फोर्टिस अस्पताल, नोएडा की अगुआई में डॉ पीयूष वार्ष्णेय, डायरेक्टर, यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, फोर्टिस अस्पताल, नोएडा ने इस सर्जरी के माध्यम से मां की ममता और स्नेह की मजबूत डोर का प्रदर्शन किया।

केस-1

**सास ने दामाद को दी किडनी:** प्रदेश में हापुड़ के 37 साल के व्यक्ति को क्रॉनिक किडनी डिजीज (सीकेडी) थी। उन्होंने अपनी एलोपैथिक दवाइयां छोड़ कर आयुर्वेदिक इलाज का सहारा लिया। जिससे किडनी और भी खराब हो गई। जब मरीज को फोर्टिस अस्पताल नोएडा में भर्ती कराया गया तो उनकी हालत हाइपरटेंसिव थी और बेहद कमजोर थी। रक्त नलियों क्षतिग्रस्त होने की वजह से उनकी हालत डायलसिस की भी नहीं थी। उनके बूढे माता पिता उपयुक्त डोनर नहीं पाए गए और पत्नी व उनके भाई का रक्त समूह मरीज से मेल नहीं खाता था।उम्मीद टूटती जा रही थी। ऐसे में मरीज की 53 साल की सास ने हौसला दिखाया। उन्होंने यह कहते हुए किडनी दान करने की इच्छा जतायी कि मैं भी तो मां ही हूं। इस तरह मरीज का किडनी ट्रांसप्लांट किया गया जिसके बिना मरीज का जीवन कुछ ही साल बचा था। अब यह मरीज स्वस्थ जीवन जी रहा है।

केस-2

66 **साल की मां ने दी किडनी:** मेरठ के एक 40 साल के व्यक्ति की किडनी पूरी तरह फेल हो चुकी थी। इस मरीज ने भी ऑप्शनल इलाज से अपना हाल खराब किया था।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गला घोंटकर चांद को मौत के घाट उतारा

## चार अभियुक्तों की तलाश में पुलिस की छापेमारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** चांद हत्याकांड में पुलिस फरार चार अभियुक्तों की तलाश में लग गई है। चांद को गला घोंटकर मौत के घाट उतारा गया था।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम अल्हैदादपुर खजवा उर्फ कोपा निवासी मृतक चांद के शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस द्वारा विवेचना किए जाने के दौरान वारदात में चार अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वारदात में शामिल चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा। परिजनों ने शव को देर शाम सुपुर्द खाक कर दिया।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के ग्राम अल्हैदादपुर खजवा उर्फ कोपा निवासी वाहिद के 16 वर्षीय पुत्र चांद का शव धामपुर-शेरकोट मार्ग पर बहने वाली बड़ी नहर में मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चांद की गला घोंटने से मौत होना बताया गया है। पुलिस द्वारा की जा रही विवेचना के दौरान चांद की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में चार अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए हैं। जिनमें चांद के रिश्ते के चाचा जुल्फिकार, उसका बेटा रेहान, भाई नईम और वाहन चालक दानिश शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि हत्या रंजिशन की गई और घटना में इको स्पोर्ट गाड़ी का इस्तेमाल किया गया है। विवेचना में चार अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए है। चारों की गिरफ्तार के लिए टीमें गठित की गई है। जल्द ही चारों अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इस सनसनीखेज वारदात से हर कोई सहमा हुआ है। सात मई को लापता हुए चांद का शव नहर में मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया था और गांव में शोक की लहर दौड़ गई थी। रविवार की देर शाम चांद का शव गांव पहुंचने पर गांव का माहौल गमगीन हो गया। हर कोई यह कह रहा है कि हत्यारोपियों ने रिश्ते को कलंकित कर दिया है। जब सगे रिश्तेदार ही इतनी बेदर्दी से हत्या कर सकते है, तो फिर किस पर विश्वास किया जा सकता है। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि किशोर के हत्या आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की तीन टीमें लगी है। एक टीम महाराष्ट्र के पुणे गई है। शीघ्र ही हत्या का खुलासा हो जाएगा।

# दलबदलुओं को अपनी औकात में रहना चाहिए : अदनान राईन

## पूर्व मंत्री नईमुल हसन कार्यकर्ताओं की शान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** समाजवादी युवजन सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य अदनान राईन ने दलबदलुओं की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें अपनी औकात में रहना चाहिए। पूर्व मंत्री नईमुल हसन कार्यकर्ताओं की शान है और उनकी आलोचना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

युवा नेता अदनान राईन ने दलबदलुओं पर हमला बोलते हुए कहा कि जब इनकी दूसरी पार्टियों में दाल नहीं गलती है, तो यह सपा में आने के लिए नाक रगड़ते हैं। उन्होंने कहा कि सपा निष्ठावान एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि दलबदलू भले ही पार्टी में शामिल हो रहे है, लेकिन इन्हें अपनी औकात में रहना चाहिए। दलबदलुओं को यह नहीं समझना चाहिए कि वह पहले की तरह पार्टी कार्यकर्ताओं पर राज करते हुए उन पर हुकुम चलाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सिर्फ अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का हुकुम मानते हैं। उन्होंने कहा कि सपा में अब कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। कार्यकर्ता भी पार्टी के प्रति वफादार हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता दलबदलुओं से पूरी तरह सावधान है। क्योंकि टिकट नहीं मिलने पर यह फिर पार्टी छोड़ देंगे। यह सत्ता का फायदा उठाने के लिए सपा में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री नईमुल हसन पर हमला बोलने वाले अपनी औकात में रहें। उन्होंने कहा कि जो हमला कर रहे है, उनकी खुद चूल्हे हिलने वाली हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं को अपने समाज का वोट नहीं मिलता है और यह मुसलमानों पर राज करना चाहते हैं।

## शावक को साथ ले गई मादा गुलदार

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के ग्राम मलकपुर देहरी में शनिवार को उदयभान सिंह के खेत में गुलदार का एक शावक मिला था। जिसे देखने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी थी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने खेत में कैमरा लगा दिया था। साथ ही शावक को खेत में ही छोड़ दिया था। वन विभाग की टीम पूरे मामले की मॉनीटरिंग कर रही थी। रविवार की रात्रि मादा गुलदार शावक को अपने साथ ले गई। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को देखा। नगीना वन विभाग के रेंजर अंशुमान ने बताया कि मादा गुलदार शावक को अपने साथ ले गई है। मामले की मॉनिटरिंग वन विभाग द्वारा की गई।

## युवक की बाइक चोरी

**कोतवाली देहात।** ग्राम हकीकतपुर प्रयाग निवासी राजीव कुमार कोतवाली देहात में सामान खरीदने आए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल मंडी के समीप खड़ी की थी। राजीव खरीदारी करने चले गए। जब वापस लौट कर आए तब मोटर साइकिल गायब थी। मोटर साइकिल ढूंढने के बाद भी नहीं मिली। मामले की सूचना राजीव ने थाना कोतवाली देहात में दी। पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

### बाइक चोर अरविंद अरेस्ट



**बिजनौर।** शिवाला कलां पुलिस ने थाना चांदपुर के ग्राम बुंदरा खुर्द निवासी बाइक चोर अरविंद कुमार पुत्र मेहर सिंह को गिरफ्तार किया है। शिवाला कलां पुलिस बाइकों की चैकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक चोर को बिना नम्बर प्लेट की बाइक के साथ पकड़ा गया। जांच करने पर पता चला कि बाइक का सही नम्बर डीएल 55 सीयू 4443 है। जो 2022 में दिल्ली से चोरी की गई थी। इस संबंध में दिल्ली के थाना शास्त्री पार्क में मुकदमा अपराध संख्या 35190/22 धारा 379 आईपीसी में पंजीकृत किया गया था। शिवाला कलां पुलिस ने भी मुकदमा अपराध संख्या 69/25 धारा 317 (2)बीएनएस में पंजीकृत किया है।

### रेहड़ में जितेन्द्र गिरफ्तार



**बिजनौर।** थाना रेहड़ में 11 मई को वादिनी ने तहरीर दी थी कि जितेन्द्र पुत्र जिराज सिंह निवासी ग्राम माधोवाला टांडा ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गलत काम किया और उसके द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए लगातार पिछा किया जा रहा है। वह उनकी पुत्री पर गलत नजर रखता है। रेहड़ पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त जितेन्द्र को थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने गिरफ्तार कर लिया है।

### चांदपुर में नबाव अहमद अरेस्ट

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने मौहल्ला काजीजादगान निवासी नबाव अहमद पुत्र बल्लन खां को गिरफ्तार किया है। मौहल्ला काजीजादगान निवासी मुजम्मिल पुत्र फुरकान अहमद ने 29 अप्रैल को थाना चांदपुर में तहरीर दी थी कि नबाव अहमद, शादाब अहमद व सरताज अहमद पुत्रगण बल्लन खां एवं बल्लन खां पुत्र इब्राहीम ने खेत की मेढ़ को लेकर वादी के मामा पर लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। जिससे उसके मामा मजदूल हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने नबाव अहमद को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य फरार अभियुक्तों की तलाश कर रही है।

### धामपुर बार का चुनाव 24 को

**धामपुर।** बार एसोसिएशन धामपुर के चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया गया है। बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के लिए पदाधिकारियों तथा सदस्यों के पदों पर आगामी 24 मई को मतदान कराया जाएगा। 13 मई तथा 14 मई को दो दिन तक नामांकन पत्र जमा किये जा सकते हैं। चुनाव संपन्न कराने के लिए बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मिलित करके एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया था। एल्डर्स कमेटी के लिए योगेन्द्र पाल सिंह एड. को चेयरमैन नियुक्त किया गया। उनके साथ चार अन्य अधिवक्ताओं को भी शामिल किया गया। इनमें अरुण कुमार गुप्ता एड., सुरेन्द्र सिंह गहलौत एड., नरेंद्र कुमार राजपूत एड. व शमीम अहमद एड. शामिल हैं। एसडीएम कोर्ट परिसर में एल्डर्स कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आगामी चुनाव का कार्यक्रम तय किया गया। जिसके अनुसार नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों के पदों पर 24 मई को होगा। नामांकन पत्रों की जांच 16 मई को कराई जाएगी तथा नाम वापसी का कार्य भी उसी दिन ही होगा। बार एसोसिएशन की एल्डर्स कमेटी की बैठक के पश्चात चुनाव कार्यक्रम की घोषणा आज कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र पाल सिंह एड. ने की। चुनाव कराने के लिए मतदाताओं की सूची भी वार एसोसिएशन के अध्यक्ष भीम सिंह एड. तथा सचिव कुलदीप सिंह चौहान एड. ने तैयार कराकर एल्डर्स कमेटी को भेजी है। इस बार के चुनाव में कुल **214** मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए गए हैं।

# धूमधाम से मनाया बुद्ध पूर्णिमा पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तथागत भगवान बुद्ध के जन्मदिवस पर बुद्ध पूर्णिमा पर्व को नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एशिया के ज्योतिपुंज तथागत बुद्ध की पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा को प्रबुद्ध बौद्ध सभा व भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में समस्त प्रबुद्ध समाज के द्वारा भव्य रूप से सोमवार को नगीना में धूमधाम से मनाया गया। जिसका प्रारंभ तथागत बुद्ध की शोभायात्रा के साथ किया गया तथा समापन शोभायात्रा डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क नगीना प्रांगण में एक कार्यक्रम कर किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सूर्यकांत गौतम ने तथा संचालन में विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें समस्त प्रबुद्ध समाज के लगभग **250** अनुयायियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डॉ. सरल कुमार, डॉक्टर शैलेंद्र कुमार, एड. अभिनय कुमार, विक्रम सिंह, सूर्यकांत गौतम, अनीता, गौरव कुमार, अर्जुन सिंह, राजेश सिंह, जसराज सिंह, जयप्रकाश, शिवम चंद्र, कामेश एडवोकेट, रूपचंद सैनी, सुनील सैनी, डॉक्टर शैलेंद्र रविकांत आदि मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध ने समानता का मार्ग दिखाया

## सपाईयों ने मनाई जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपाईयों ने भगवान बुद्ध की जयंती मनाते हुए उन्हें याद किया। उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान करते हुए उनके द्वारा दिए गए उपदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने की तथा संचालन डॉ. रहमान अहसास ने किया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने हमेशा समाज को अहिंसा, त्याग और सत्य का संदेश देकर मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। उन्होंने पूरे विश्व में शांति का संदेश दिया तथा पूरी दुनिया को अध्यात्म और समाज सेवा की नई दिशा दी। भगवान बुद्ध ने करुणा, अहिंसा और समता का मार्ग दिखाया था। आज जब देश में नफरत, भेदभाव और असमानता की राजनीति हावी है, बुद्ध का संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। बुद्ध पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि शासन का धर्म ही सेवा और न्याय है, सत्ता का घमंड नहीं। भगवान बुद्ध के द्वारा दिए गए अनमोल वचन प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान और जागरूकता के मार्ग पर ले जाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।

इस अवसर पर दीपक सैनी, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, मास्टर लईक, सतपाल सिंह, महमूद कस्सार, बी.के. कश्यप, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष हनी फैसल, अफजालुल हक, डॉ. इरफान मलिक, अशोक आर्य, लाल सिंह कश्यप, देवानन्द भुईयार, रईस कस्सार, अतुल पाल, हरिओम, आकिब राना, कार्यालय प्रभारी अखलाक पप्पू व अहमद खिजर खान आदि उपस्थित थे।

# पूर्व सांसद के बेटे से धोखाधड़ी, नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

## कृषि भूमि का बैनामा तय कर दूसरे को बेच दी जमीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** भाजपा के पूर्व सांसद शीशराम रवि के पुत्र व पूर्व ब्लॉक प्रमुख से चार लोगों ने जमीन के नाम पर धोखाधड़ी की है। कृषि जमीन का बैनामा तय कर रकम ले ली और बाद में दूसरे को बेच दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नौ आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम काजमपुर निवासी शीशराम रवि बिजनौर लोकसभा से भाजपा के सांसद रहे हैं। पूर्व सांसद के बेटे बृजमोहन सिंह रवि भी बुढ़नपुर ब्लॉक प्रमुख रहे हैं। उन्होंने बताया कि थाना क्षे के ग्राम अकबराबाद निवासी नईम अहमद, राज मौहम्मद, इजहार मौहम्मद उर्फ अलीम और फिरोज अहमद पुत्रगण अनवर से मौजा अकबराबाद में लगभग 19 बीघा जमीन का सौदा छह लाख 40 हजार रुपये प्रति बीघा के हिसाब से तय हुआ था। इसके बाद चारों को ढाई-ढाई लाख के चेक दिए थे। एक चेक का भुगतान नहीं हुआ था। उसके बाद सात लाख रुपये इजहार मौहम्मद नकद ले गया, जिसका 21 जून 2021 को एक नोटरी एग्रीमेंट बनवाया गया था। एग्रीमेंट में तय हुआ था कि मार्च 2025 में जमीन का बैनामा कर दिया जाएगा। इस दौरान एक विक्रेता नईम अहमद की मृत्यु हो गई। मृतक के स्वजन वारिस मौहम्मद फैज खान, मौहम्मद सदीक, अलीमा परवीन और इमराना ने 20 मई 2023 को अपने हिस्से की जमीन का बैनामा रईस अहमद निवासी ग्राम हुसैनाबाद और इजहार मौहम्मद ने महमूदा पत्नी कफील निवासी ग्राम हुसैनाबाद उर्फ दौलताबाद को कर दिया। आरोप है कि रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने ब्रजमोहन रवि की तहरीर पर राज मौहम्मद, इजहार मौहम्मद उर्फ अलीम, फिरोज अहमद, फैज खान, मौहम्मद सदीक, अलीमा परवीन, इमराना, रईस अहमद और महमूदा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि जांच की जा रही है।

## बिजनौर में शमीम गिरफ्तार



**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम काजीवाला निवासी शमीम पुत्र शहीद को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

# बिना कस्बा इंचार्ज के चल रही पुलिस चौकी



## सट्टेबाजी व चोरियों में बड़ा इजाफा

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** कस्बे की हरिहर पुलिस चौकी पर लंबे समय से स्थाई इंचार्ज की नियुक्ति न होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि चोरी, उचक्कागिरी और सट्टेबाजी जैसी आपराधिक गति. विधियों में वृद्धि हो रही है। जिससे कस्बे में असुरक्षा का माहौल है। पीड़ितों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि कस्बे में सट्टा डंके की चोट पर खेला जा रहा है। सटोरियों और उचक्कों का डर कस्बे में बढ़ता जा रहा है। नागरिकों का आरोप है कि हरिहर पुलिस चौकी पर स्थाई इंचार्ज के अभाव में पुलिसकर्मी काम संभाल रहे हैं। जो अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। कस्बे में इंचार्ज न होने के कारण पीड़ितों को भी चक्कर काटने पड़ रहे हैं। नगर में पुलिस व्यवस्था फ्लाप हो चुकी है। अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

# शहीदों की याद में कांग्रेसियों ने जलाए दीप

## युद्ध में मारे गए बेगुनाह नागरिकों व सैनिकों को श्रद्धांजलि





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर पाकिस्तान से युद्ध में जान गंवाने वाले बेगुनाह नागरिकों व सेना के जवानों की शहादत को नमन करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर आज शाम लगभग पांच बजे बड़ी संख्या में एकत्र हुए।

जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता यहां से रामलीला ग्राउण्ड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने दीप जलाने के लिए रवाना हुए।

उनके हाथों में युद्ध में जान गंवाने वाले बेगुनाह नागरिकों व वीर जवानों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने की तख्तियां थी। उन्होंने अपने हाथों में कांग्रेस के झण्डे ले रखे थे।

रामलीला ग्राउण्ड के समीप राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने पहुंचकर उन्होंने दीप जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, पूर्व सांसद ओमवती देवी, पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, नीरज चौधरी, नजाकत अलवी, मौहम्मद रफत, पीयूष त्रिपाठी, अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वसीम अकरम एडवोकेट, युवा नेता चितवन शर्मा, मौहम्मद सलीम, हुकुम सिंह, अशरफ अंसारी, मिथलेश वर्मा, नजाकत अली कम्भौर, राजवीर सिंह, रामकुंवर सिंह, मौहम्मद अकबर (झालू), हिमांशु कुमार, मुकेश कुमार, रमेश वर्मा, मौहम्मद गुलस्तिाब, अंकित कुमार, इकबाल ठेकेदार, शारिक, मोइनुद्दीन, अलीमुद्दीन, मौहम्मद अकरम उर्फ कल्लू, रिजवान अंसारी, हरिराज सिंह, सतेन्द्र सिंह, अतर सिंह, आदेश कुमार, सुरेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, शाहनवाज कुरैशी, मौहम्मद आसिम, रामवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## युद्ध विराम के बाद से इंदिरा गांधी की तारीफ



**बिजनौर।** पाकिस्तान से युद्ध विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा किए जाने के बाद से सोशल मीडिया पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की तारीफ हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री के फोटो डाल कर उनकी प्रशंसा की जा रही है। उनके साहस को सराहा जा रहा है। मौजूदा सरकार की आलोचना की जा रही है। इसके बाद से भाजपाई खामोश है। वह कोई जवाब नहीं दे पा रहे है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मां-बेटी पर गुलदार का हमला

## घर के आंगन में बर्तन धो रही थी दोनों, ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आंगन में बर्तन धो रही मां-बेटी पर गुलदार ने हमलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुर गढ़ी भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीण ने गुलदार को पिंजरा लगाकर पकड़ने की मांग की है।





प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम केहरीपुर में आज सोमवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। अपने घर के आंगन में बर्तन धो रही मां और बेटी पर अचानक एक गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में परमजीत कौर (40 वर्ष) पत्नी परमिन्द्र सिंह, सिमरनजीत कौर (17 वर्ष) पुत्री परमिन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गुलदार को भगाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया।

घायल मां-बेटी को तत्काल उपचार के लिए कासमपुर गढ़ी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है तथा घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग का कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचा जबकि केहरीपुर गांव से ही सटी अमानगढ़ वन विभाग की चौकी है, जहां पर वन क्षेत्राधिकार का कार्यालय मौजूद है।

# कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक

## सीओ ने थाना प्रभारियों को दिए बीट पुलिसिंग मजबूत करने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने सर्किल क्षेत्र के थाना प्रभारियों और उपनिरीक्षकों के साथ थाना परिसर में बैठक की। सीओ ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण और शांति-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

क्षेत्राधिकारी ने अपराधियों का सत्यापन प्राथमिकता से करने और चिन्हित अपराधियों पर कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का समयबद्ध निस्तारण कर पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर दिया।

बीट पुलिसिंग को और अधिक सक्रिय बनाने के लिए बीट प्रभारियों को क्षेत्र में नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जनता से बेहतर संवाद बनाए रखने की हिदायत दी गई। इससे किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई संभव हो सकेगी।



क्षेत्राधिकारी ने रात्रि गश्त को प्राथमिकता देने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। सूचना तंत्र को मजबूत करने और प्रोएक्टिव पुलिसिंग अपनाने पर भी जोर दिया गया, जिससे जनता में सुरक्षा की भावना बनी रहे।

# मैक्सवॉल से शुरू हुआ कार्य, हॉट मिक्स में बदला लेकिन गड़बड़ियां अब भी जारी

## 20 मिमी मोटाई का पालन एवं स्टीमेट में शामिल 6 मिमी का सील कोट भी मौके पर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मेवाजट से कुमाखिया तक प्रस्तावित 10 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। 90 लाख की लागत से स्वीकृत इस परियोजना में कार्य हॉट मिक्स प्लांट से किया जाना तय था, लेकिन ठेकेदार ने लोक निर्माण विभाग नजीबाबाद के अधिकारियों की मिलीभगत से कार्य की शुरुआत मैक्सवॉल मशीन से कर दी।

सूत्रों के अनुसार ग्राम सुरानंगला से रहपनपुर तक करीब 600 मीटर तक सड़क निर्माण इसी तकनीक से कर दिया गया। जब ग्रामीणों ने शिकायत की तो विभागीय अधिकारी हरकत में आए और कार्य को तत्काल रुकवाया गया। इसके बाद काम को हॉट मिक्स प्लांट से दोबारा शुरू किया गया। हालांकि विभाग ने वादा किया था कि जो हिस्सा मैक्सवॉल से बनाया गया है, उसे दोबारा ठीक कराया जाएगा, लेकिन वह कार्य आज तक नहीं कराया गया। दूसरी ओर अब जो कार्य हॉट मिक्स से किया जा रहा है उसमें भी 20 मिमी मोटाई का पालन नहीं हो रहा है। साथ ही, स्टीमेट में शामिल ६ मिमी का सील कोट भी मौके पर नहीं डाला जा रहा है। इन खामियों को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में नाराजगी है और उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

# रुके आर्डर शुरू होने से वुड हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों में खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अमेरिका द्वारा वुडन हैंडी क्राफ्ट्स आइटम्स पर लगाए गए टैरिफ के 90 दिन के लिए स्थगन का असर नगीना हैंडीक्राफ्ट निर्यात कारोबार पर दिखने लगा है। टैरिफ लगने की आशंका के चलते स्थगित हुए करोड़ों रुपये के ऑर्डर अब खुलने लगे हैं। कुछ नए ऑर्डर भी कारोबारियों को मिलने शुरू हो गए हैं।

अमेरिका से वुडन हैंडीक्राफ्ट आइटम्स पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने का अनुमान था। इस अनुमान से ही कई करोड़ रुपये के हैंडीक्राफ्ट के ऑर्डर अमेरिका के व्यापारियों ने स्थगित कर दिए थे। बाद में टैरिफ पर 90 दिन की मोहलत दिए जाने से वुडन हैंडीक्राफ्ट व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई। फिलहाल जहां पुराने रुके हुए ऑर्डर आना शुरू हुए हैं। वहीं नए ऑर्डर भी मिलने शुरू हो गए हैं। नगीना हैंडीक्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद मुल्तानी का कहना है कि टैरिफ स्थगित होने के बाद अधिकांश हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों के रुके हुए ऑर्डर आने शुरू हो गए हैं। नगीना के मुख्य हैंडीक्राफ्ट निर्यातक जुल्फिकार आलम बताते हैं कि उनके रुके हुए ऑर्डर अभी नहीं आए हैं। इन ऑर्डर के जल्द आने की उम्मीद है। उनका कहना है कि अन्य देशों से आर्डर मिल रहे हैं।

# गन्ना किसानों को मिला विशेष प्रशिक्षण

## कृषकों को बताए गए कम लागत में उपज बढ़ाने के तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समीपवर्ती ग्राम रसूलपुर आबाद में मुख्यमंत्री गन्ना कृषकों को विशेष प्रशिक्षण गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें डा. वी.बी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में गन्ना किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रसूलपुर आबाद के ग्राम प्रधान रहीस अहमद के आवास पर मुख्यमंत्री गन्ना कृषक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अपर गन्ना आयुक्त डा. बी.बी.सिंह ने द्वारिकेश शुगर इण्डस्ट्रीज लि. की इकाई बहादरपुर के क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम लुहारवाली में गन्ने के 7-8 प्लाट का निरीक्षण किया तथा साथ ही कृषक निशांक चौहान के खेत में ड्रिप सिंचाई संयंत्र का भी निरीक्षण किया। क्षेत्र में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई, गन्ने के साथ सहफसली आदि की बुवाई आदि को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त किया। डा. सिंह ने क्षेत्र में हो रहे गन्ना रकबा सर्वेक्षण कार्य का भी निरीक्षण किया। उसके बाद सभी पदाधिकारियों ने ग्राम रसूलपुर में कृषक गोष्ठी के उपरांत प्रगतिशील कृषक अमरीक सिंह के खेत में जाकर गन्ना प्रजाति को. लख. 16202, को.शा. 17231, को. शा. 13235, को. 15023, को. 0118 व को. जा.85 का गन्ना फसल तथा गन्ने के साथ सह फसली अदरक, हल्दी, उरद, ऊँचा का निरीक्षण किया और उनके गन्ना फसल व सह फसली खेती को देखकर बहुत खुश हुए।




गोष्ठी में अफजलगढ़ गन्ना समिति के अध्यक्ष मलकीत सिंह ने अपर गन्ना आयुक्त से क्षेत्र में किसानों के कच्ची जमीन वाले बन्द सट्टों को पुनः चलवाने, गन्ना छिलाई के लिए केन हारवेस्टर की मांग एवं हयूम पाइप समिति के माध्यम से छूट पर दिलवाने की मांग की। उन्होंने सभी अगेती प्रजातियों पर चीनी मिल से प्रेस मड छूट पर दिलवाने की भी मांग की।

क्षेत्र भ्रमण के बाद अपर गन्ना आयुक्त ने ग्राम रसूलपुर में एक कृषक गोष्ठी में प्रतिभाग किया। गोष्ठी में अफजलगढ़ गन्ना समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मलकीत सिंह, बोर्ड के अन्य सदस्यों व उपरोक्त पदाधिकारियों सहित लगभग 250 किसान उपस्थित थे। गोष्ठी में अपर गन्ना आयुक्त ने किसानों को सम्बोधित करते हुए मृदा शोधन, बीज शोधन तथा गन्ना फसल में आवश्यक उर्वरक व दवाईयों के बारे में बताया तथा कृषकों को ट्राइकोडर्मा का अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए कहा। चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक गन्ना उमेश कुमार सिंह बिसेन तथा ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, अफजलगढ़ विश्वामित्र पाठक ने भी गोष्ठी में गन्ने की उन्नतशील खेती, कीट, रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में कृषकों को विस्तारपूर्वक बताया। मंच का संचालन तथा चीनी मिल द्वारा कृषकों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में डा. रजनीश सिंह द्वारा विस्तार से बताया गया।

इस मौके पर डा. बी.बी. सिंह के साथ जिला गन्ना अधिकारी पी.एन. सिंह, चीनी मिल के मुख्य महाप्रबन्धक गन्ना उमेश कुमार सिंह बिसेन, सहा. महाप्रबंधक गन्ना डा. रजनीश सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, अफजलगढ, धामपुर, नगीना तथा सचिव गन्ना समिति अफजलगढ, धामपुर व नगीना चीनी मिल के अन्य पदाधिकारी भी निरीक्षण के समय मौजूद थे।

# दर्जनों समर्थकों के साथ थामा आसपा का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सभासद असलम सिद्दीकी अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए। आसपा के जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

नगर पालिका नगीना के वार्ड 20 से सभासद असलम सिद्दीकी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी का दामन थाम लिया। सोमवार को असलम सिद्दीकी के छंगा वाला चौक स्थित आवास पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कई जिला व प्रदेश स्तर के आसपा पदाधिकारी व बड़ी संख्या में आसपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुमार द्वारा असलम सिद्दीकी व उनके दर्जनों समर्थकों को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रईस कुरैशी व संचालन विपिन गुथलिया ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सतेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि रोहित सागर सांसद प्रतिनिधि, आरिफ मालिक प्रदेश सचिव, परवेज पाशी जिला संयोजक रहे। इस मौके पर आसपा प्रदेश सचिव आरिफ मालिक ने कहा कि इनके पार्टी में आने से नगीना नगर में आसपा मजबूत हुई है। मौके पर मुस्लिम अंसारी ने कहा कि सांसद नगीना एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के क्रियाकलाप से प्रभावित होकर हमने आसपा का दामन थामा है। अब आसपा में रहकर पार्टी का काम करूंगा। मौके पर समर्थकों में मुख्य रुप से आरिफ मालिक, परवेज पाशी, दीपक कुमार, ज्ञान सिंह, अभिषेक सूर्यवंशी, जितेंद्र प्रधान, मरगूब मुल्तानी, मौहम्मद नाजिम, नईम कुरैशी, हाशिम इस्लाम, आमिर अली, मौहम्मद नाजिम सहित दर्जनों समर्थक शामिल थे।



# वार्ड 22 की गली मौहल्लों में गंदगी के ढेर

**नगीना।** वार्ड नंबर 22 के सभासद ने आरोप लगाया है कि वार्ड में सफाई के नाम पर मात्र खाना पूर्ति की जा रही है। जिसके चलते वार्ड की गलियों में कूड़े के ढेर लगे रहने से संक्रामक रोग फैलने का अंदेशा बना रहता है। नगीना के वार्ड 22 के सभासद मौहम्मद उस्मान का आरोप है कि नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक सक्सेना व सफाई अधिकारी धीरज राय वर्मा को कई बार शिकायत करने के बाद भी बेहतर साफ सफाई न होने पर वार्ड की सड़कों पर कूड़े का अंबार लगे रहते हैं। नालियों में कूड़ा फंसे होने से अत्यंत दुर्गंध आ रही है। नालियों की उचित साफ सफाई न होने से गर्मी के मौसम में बीमारियों का ग्राफ बढ़ रहा है। वार्ड के सबसे व्यस्तम छंगा वाला चौक से मीना बाजार की सड़कों पर पड़े कूड़े से आने जाने वाले राहगीरों सहित दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। यह जानकारी वार्ड सभासद मौहम्मद उस्मान ने दी।

# चार दिवसीय यज्ञ का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** आर्य समाज किरतपुर द्वारा आयोजित चार दिवसीय यज्ञ का पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। यज्ञ में नगर वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। भरपूर सहयोग किया।

यज्ञ गुरुकुल बरनावा के विद्वान आचार्य अमित शास्त्री के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ। शास्त्री जी ने यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए इसे सब सुखों की पूर्ति का साधन बताया। सभी उपस्थित सज्जनों को नित्य यज्ञ के लिए प्रेरित किया। सोमवार को अंतिम दिन के यज्ञ के यजमान प्रसून शर्मा, शिल्का शर्मा, आकाश दीप गोयल, पारुल गोयल, आशीष शर्मा, अपर्णा शर्मा, मुदित गोयल, श्वेता गोयल, यतेंद्र जैन, अंजलि जैन, अतुल रस्तौगी, चंचल रस्तौगी रहे। यज्ञ को सफल बनाने में संजय आर्य, सुधीर अग्रवाल, सुधीर आर्य, डॉ. विजेंद्र राणा, रोहिताश आर्य, अशोक आर्य का विशेष सहयोग रहा।



# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा में किया स्नान

## हवन कर परिवार में सुख-शांति की कामना की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हजारों श्रद्धालु पहुंचे घाट, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा बैराज घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र गंगा में स्नान किया। प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए हैं। घाट पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंगा के गहरे पानी में गोताखोरों की टीम भी मौजूद है।

जिले भर के विभिन्न घाटों पर लोग स्नान कर रहे हैं। बिजनौर गंगा घाट पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर भक्तों ने घरों में पूजा और हवन कर परिवार में सुख-शांति की कामना की। विभिन्न राजनीतिक दलों ने भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया।



# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर घायल

## पिकअप वाहन ने मारी बाइक में टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अपनी मौसी के घर से वापस आ रहे बाइक सवार दो युवकों को पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर से मुरादाबाद मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर उस समय चीख पुकार मच गई। जब अभिषेक पुत्र पूरण सिंह 24 वर्ष निवासी शाहपुर जमाल थाना अफजलगढ़, अभय कुमार पुत्र वीर सिंह 25 वर्ष निवासी ग्राम मौसमपुर थाना कांठ अपनी मौसी के यहां से अपने घर बाइक से जा रहे थे। जैसे ही स्योहारा में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुंचे पिकअप वाहन व बाइक की भिड़त हो गई, जिसमें एक युवक अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठा दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया।



सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और और मृतक अभिषेक व घायल के परिजनों को इसकी सूचना दी और उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। मौके पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि पिकअप गाड़ी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वहां आस-पास के सीसीटीवी कैमरे चेक किया जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति आपस में बहुत गहरे दोस्त थे।

# दो बच्चों की मां आठ बच्चों के बाप के साथ रफूचक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** इश्क हार भी है इश्क जीत भी है दिल का दुश्मन भी है दिल का मीत भी है। हिन्दी फिल्म इश्क का गीत सटीक बैठता है। जब दो बच्चों की मां आठ बच्चों के बाप के साथ बीती रात रफूचक्कर हो गई।

आठ बच्चों का बाप ताजपुर में रहकर मछली पकड़ने वालों की गाड़ी चलाता था। उसकी उसी दौरान किराए पर रह रही एक महिला से मछली बचने के दौरान आंखे चार हो गई। वह दोनों आंखों ही आंखों में एक दूसरे से प्यार करने लगे। एक दिन अपने पति बच्चों को सोते छोड़कर आशिक मिजाज महिला चली गई। उसके पति व दोनों बच्चों ने उसे इधर उधर तलाश किया। मगर उसका कहीं पर भी कोई अता पता नहीं चल पाया है। दोनों छोटे छोटे बच्चों ने अपने वालिद को बताया कि अब्बा तुम्हारी गैर मौजदगी में अक्सर एक व्यक्ति आता जाता था। जब वह घर आता था वह अक्सर हमको कुछ अम्मी सामान लाने के बहाने घर से बाहर भेज दिया करती थी। जब उस व्यक्ति का फोटो दिखाया गया तो दोनों बच्चों ने उसको पहचान लिया जो कि कैराना लोकसभा क्षेत्र के किसी गांव का व्यक्ति हैं जो कि काफी दिनों से ताजपुर में रहकर गाड़ी चलाता है। इस दौरान दो बच्चों की मां से उसकी आंखें लग गई। आठ बच्चों का बाप दो बच्चों की मां को बहला फुसलाकर ले गया। उसका पति व दोनों बच्चे अपनी मां के बगैर परेशान हैं जिनका रो रो कर बुरा हाल है। आठ बच्चों के बाप व दो बच्चों की मां की प्रेम कहानी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। हर तरफ हर कोई चुटकुले मार कर बातों के मजे ले रहा है। इस तरह की घटनाओं का जिम्मेदार कहीं ना कहीं मोबाइल फोन है, जिससे बहुत बिगाड़ बढ़ता जा रहा है। लोगों को हर चीज पर निगाह रखने की जरूरत है। पीड़ित पति ने पुलिस में तहरीर देकर अपनी पत्नी को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

# बुद्ध जयंती पर भव्य कार्यक्रम

## बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** सिद्दवली बिहार कॉलोनी में बुद्ध जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

कोतवाली मार्ग स्थित सिद्धबली विहार कॉलोनी नजीबाबाद के मुख्य द्वार पर बुद्ध जयंती के अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अनुसुचित जाति, जनजाति, जनकल्याण समिति, सिद्धबली विहार नजीबाबाद के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बौद्धाचार्य राकेश मोहन भारती, केंद्रीय शिक्षक, प्रदेश महासचिव दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश पश्चिम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना कराई गई। उन्होंने बताया बैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन तथागत बुद्ध के जीवन से संबंधित तीन महत्वपूर्ण घटनाएं हुई यह एक संयोग ही था कि 563 ईसा पूर्व नेपाल में



तथागत बुद्ध का जन्म हुआ। 528 ईसा पूर्व बोधगया में ज्ञान प्राप्ति हुई और 483 हिस्सा पूर्व कुशीनगर में महा परिनिर्वाण हुआ। कार्यक्रम में आसपास की सभी कॉलोनीवासियों ने प्रतिभाग किया। सभी ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और बुद्ध के बताए गए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें राज. `श सागर, सूरजा सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, रामभरोसे सिंह, गोविंद सिंह बौद्ध तथा अन्य सज्जनों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में योगेंद्र कुमार, प्रो. धनीराम, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह, अशोक कुमार, रामनाथ सिंह, इंजी. बीपी सिंह, अमर जीत देवी, ललिता रानी, सुनीता आर्य, भुवनेश्वरी, सुनीता देवी, सरोज बाला, ऊष्मा कशेरवाल, लखपत सिंह, मगन सिंह, अतर सिंह, पीतांबर सिंह, शेर सिंह, गोविंद सिंह, रामनाथ सिंह अध्यापक, पुष्पेंद्र पाल सिंह, राजेश कुमार सिंह, नौभार सिंह, वेद प्रकाश सिंह, वेदपाल सिंह, रामकुमार सिंह, चंद्रपाल सिंह, मूलचंद सिंह, अशोक कुमार, धर्मवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बुद्ध पूर्णिमा पर भारतीय बौद्ध महासभा ने निकाली धम्म यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन पर्व पर भारतीय बौद्ध महासभा जनपद संस्था बिजनौर के तत्वावधान में प्रदेश संरक्षक गुरदयाल सिंह बौद्ध एवं जिला अध्यक्ष तिलक राज बौद्ध मार्गदर्शन में नगर के मुख्य मार्ग से धम्म यात्रा को निकाला गया।

इसमें जनपद के विभिन्न धम्म बंधु शामिल हुए और आमजनमास को तथागत भगवान गौतम बुद्ध के दिए गए क्षमता समानता बंधुता एवं भाईचारा व शांति के संदेश को दिया। धम्म यात्रा में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा फल व जल वितरण किया।

धम्म यात्रा में एड. राकेश कुमार, गंगाराम बौद्ध, चंद्रहास सिंह, नरेंद्र कुमार, चंदू सिंह, प्रो. धन सिंह एड., जितेंद्र कुमार, नरेंद्र सिह, देश दीपक, बिम्बसार गौतम, हरिराज सिंह बाबू, ब्रह्मपाल सिंह, राजवीर सिंह उमेश कुमार, सुरेश सिंह, नवल महावीर सिंह, वेद प्रकाश बौद्ध, इंजी मणिकांत बौद्ध, राम कुमार, धर्मवीर सिंह, डॉ. नेतराम सिंह, नूतन भारती, सुधाराज बौद्ध, बबीता, पिंकी भूईयार, नीतू, सुमित्रा, नंदनी, रोहिताश सिंह, इंजी. सुखवीर सिंह एड., देशराज सिंह, गिरधारी सिंह, करन सिंह, परवेन्दर रायसान, सीपी सिंह, योगेंद्र कुमार, नकुल बौद्ध, केपी सिंह, राजीव कुमार, धर्मसिंह, रविन्द्र भारती, निमेश गौतम आदि मौजूद रहे।

# अपर गन्ना आयुक्त ने किया चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण

## स्टैंडर्ड एग्री स्टोर का किया अवलोकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** अपर गन्ना आयुक्त डा. वीबी सिंह द्वारा धामपुर चीनी मिल क्षेत्र का भ्रमण किया गया। धामपुर चीनी मिल द्वारा छूट पर दिए जा रहे कृषि यंत्र जैसे ट्रैक्टर चालित पावर स्प्रेयर, पावर वीडर, स्प्रे मशीन व छोटे ट्रैक्टर की रोटरी आदि का किसानों को वितरण किया तथा चीनी मिल द्वारा दी जा रही पेस्टिसाइड्स जिसमें सीटीपीआर, साइपरमैथिंन, प्रोफाइनोफॉस, एनपीके, ट्राइकोडरमा आदि चीनी मिल द्वारा छूट पर दिए जा रहे हैं।

चीनी मिल द्वारा किस तरह से किसानों को अनुदान पर पेस्टिसाइड दिया जाता है। चीनी मिल द्वारा खोले गए स्टैंडर्ड एग्री स्टोर का अवलोकन किया। जिसमें सभी पेस्टीसाइड का रेट, कंपनी, जिसमें ब्रांडेड कंपनी कोरोमंडल, सिजेंटा, नेटको, सुमिटोमो आदि कंपनियों की पेस्टिसाइड्स का निरीक्षण किया तथा चीनी मिल द्वारा सीधे किसानों को



ऑनलाइन अनुदान किस तरह दिया जा रहा है उसका भी निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त गांव चकराजमल में किसान दीपक सिंह पुत्र रमेश सिंह के प्रदर्शन प्लाट पर एक कृषक चौपाल का भी आयोजन किया गया, जिसमें किसानों से परिचर्चा की गई। किसानों को सुझाव दिया गया कि वह उच्च गुणवत्ता युक्त पेस्टिसाइड्स का इस्तेमाल करें। चीनी मिल व गन्ना समितियां द्वारा जो भी छूट दी जा रही है उसका लाभ उठाएं तथा प्रत्येक कृषक कम से कम पांच प्रजाति गन्ने की अवश्य रखें, किसी एक प्रजाति पर निर्भर ना रह। शासन द्वारा स्वीकृत प्रजातियां जैसे को 0118, कोशा 13235, कोलख 14201, को 98014, कोलख -16202, कोशा 17231 आदि की ही बुवाई करें। सभी किसान भाई पैड़ी प्रबंधन अवश्य करें और दलहनी फसलों के साथ सह फसल भी करें, जिससे आपका फसल चक्र भी हो सकेगा और मिट्टी भी उपजाऊ रहेगी।

इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, महाप्रबंधक गन्ना ओमवीर सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित पांडे, सचिव सहकारी गन्ना समिति धामपुर मनोज कोटे, गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान, सुरेंद्र सिंह, दिनेश राजपूत व सभी फील्ड स्टाफ उपस्थित रहे। किसान दुष्यंत राणा, रमेश सिंह, प्रदीप कुमार, दीपक सिंह, कपिल चौधरी आदि किसानों के खेतों का भी निरीक्षण किया।

# मिलेनियम स्कूल में मातृ दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम एवं कोऑर्डिनेटर शालिनी चौहान ने दीप प्रज्वलन से की। सर्वप्रथम विद्यालय में अपने बच्चों के साथ आई माता से फीता कटवा कर व तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र एवं छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता करके अपना प्रदर्शन दिखाया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 3 तक के छोटे-छोटे बच्चों ने अपने माता-पिता के स्वागत में लघु नाटिका में नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने कार्यक्रम में अपने-अपने तारिक को से अपने मां के प्रति प्यार में मां की महिमा को बताया। मातृ दिवस के उपलक्ष में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में फोटो फ्रेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्चों ने अपनी माता के लिए बहुत ही सुंदर कार्ड में फोटो फ्रेम बनाएं। इसके अलावा माताओं में चेयर डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बच्चों ने बनाए सुंदर कार्ड

इन कार्यक्रमों में विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। क्राउन का खिताब अभिभावक शिखा को मिला। पालक शर्मा, काव्या, मानवी, संध्या, हुमेरा, वानिया, दक्ष, अंजू, माही ने अपने डांस से सभी का मन मोह लिया।अलीना मिर्जा, अदिती राठी, प्रिया अग्रवाल ने माता के बारे में विस्तार से बताया। चेयर डांस प्रतियोगिता में अभिभावक पारुल देवी ने फर्स्ट प्राइज प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मीना सिंह व स्कूल प्रबंध समिति के सदस्य प्रणव मित्तल ने सभी छात्र एवं छात्राओं की नृत्य को देखकर उनकी प्रशंसा की।

लाइबा, समीक्षा, हर्षिता, इरम, सदिका डेकोरेशन प्रतियोगिता अपना प्रदर्शन दिखाया। कार्यक्रम का संचालन संचिता वर्मा, शिल्पी व रितु ने किया। कार्यक्रम सत्येंद्र कुमार, सोनवीर सिंह, सतीश कुमार, विनोद कुमार, बालेश कुमार, केशेव कुमार, रिंकू वर्मा, कुशल पाल एवं अर्चना चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ।

# वर्धमान क्रिकेट एकेडमी ने जीता मैच

## प्लेयर ऑफ दी मैच रहे विराट पवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर के मैदान पर जैवियर क्रिकेट एकेडमी मीरापुर और वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ।

वर्धमान क्रिकेट एकेडमी के सचिव डॉ. जयदीप शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच आरम्भ किया। मैच मे वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर के कप्तान हिमांशु ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए जैवियर क्रिकेट एकेडमी मीरापुर की टीम को मात्र 82 रन पर सिमेट दिया, जिसमें अरबाज मेवाती ने 27 और प्रीत गुज्जर ने 20 रन बनाये। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर की ओर से विराट पवार ने 3, कप्तान हिमांशु कुमार व अक्ष





चौधरी ने 2-2 , रूद्र तोमर ने 1 विकेट लिये।

वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर ने जवाब मे बल्लेबाजी करते हुए मात्र 2 विकेट खो कर 83 रन बना कर 8 विकेट से मैच जीत लिया। जिसमें सामर्थ सिंह ने 35 और अक्षित कुमार ने 24 रन बनाये। जैवियर क्रिकेट एकेडमी मीरापुर की ओर से प्रीत गुज्जर ने 2 विकेट लिये। प्लेयर ऑफ दी मैच विराट पवार बिजनौर रहे। मैच के अंपायर आयुष कुमार और प्रलभ शांतनु और स्कोरर मो. उजैर रहे। इस अवसर पर वर्धमान के कोच मो. मोहसिन, अमित श्रीवास्तव, विशन सिंह, साजिद अली, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# युवक को सर्प ने डसा

**नहटौर।** गांव सीकरी बुजुर्ग में मकान की सीढ़ियों पर चढ़ रहे एक युवक को सर्प ने डस लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से जिला अस्पताल रैफर किया गया।

जानकारी के अनुसार गांव सीकरी बुजुर्ग निवासी 26 वर्षीय रईस मंसूरी पुत्र शरीफ अहमद बच्चे को लेकर मकान की छत पर जा रहा था। सीढ़ी पर चढ़ने के दौरान एक सर्प ने उसके पैर में डस लिया। जिसको लेकर रईस मंसूरी को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया है। उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी आशीष आर्य ने बताया की प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# पोखर बाजार स्थित मंदिर पर भगवान भैरवनाथ की प्रतिमा की स्थापना

## भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के पोखर बाजार में स्थित मंदिर में सोमवार को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमर सिंह पम्मी व उनकी पत्नी नीतू सिंह द्वारा पंडित रामानंद शर्मा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान भैरवनाथ की प्रतिमा की स्थापना की गई।

इसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ऐश्वर्या मौसम चौधरी, हरि सिंह आजाद, विमल लोईवाल,



दीपक लोईवाल, कविता देवी, चेतना देवी, राखी, नीतू सिंह, संजय मारवाड़ी, डॉ. राजीव, डॉ. हेमचंद राणा, चंचल वशिष्ठ, प्रदीप दूबे, मोहित खंडेलवाल, शिवम् वर्मा, सुधीर अग्रवाल, आकश दूबे, कृष्णा त्यागी, धर्मेंद्र सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# एक सप्ताह बाद भी नहीं पकड़ा गया गुलदार

**नहटौर।** गांव फुलसंदा खाकम के जंगल में चारा काटते समय किसान पर गुलदार के हमला करने के बाद वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरा खाली पड़ा हुआ है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी गुलदार वन विभाग की पकड़ से दूर है। किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने गुलदार को पकड़वाए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार करीबी एक सप्ताह पूर्व गांव फुलसंदा खाकम निवासी 40 वर्ष से खुर्शीद अहमद पुत्र शकूर अहमद जंगल में चारा काटने गया था। इसी दौरान गुलदार ने उस पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया। वन विभाग की टीम ने गुलदार को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगाया था। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी गुलदार वन विभाग की पकड़ से दूर है। ग्रामीणों में गुलदार की दहशत बरकरार है। ग्रामीण अकेला जंगल जाने से डर रहे हैं। उन्होंने गुलदार को शीघ्र पकड़वाए जाने की मांग की है। उधर वन रेंजर गोविंद राम गंगवार का कहना है कि गुलदार को पकड़ने की प्रयास किया जा रहे हैं।

**गुणवत्ता से समझौता**

# सड़क निर्माण में पीडब्ल्यूडी की अनदेखी पर गुस्सा

## सील कोट और मोटाई में भारी गड़बड़ी, मैक्स वॉल से शुरू कराया था कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सड़क निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्राम सुरानगला से रहपनपुर मार्ग और मेवाजट से कुमाखिया मार्ग तक बन रही सड़कों के निर्माण में भारी अनियमितताओं और गुणवत्ता में लापरवाही को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्वीकृत मानकों के अनुरूप न तो सील कोट का कार्य किया गया और न ही सड़क की मोटाई तय सीमा तक पहुंच पाई।

सूत्रों के अनुसार, सुरानगला से रहपनपुर मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत 6 मिमी मोटाई का सील कोट कार्य मौके पर नहीं किया गया। इसके अलावा 20 मिमी मोटाई की सड़क की कम बताई जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित कार्य को दोबारा कराए जाने का दावा किया गया था, लेकिन वास्तव में दोबारा कोई कार्य नहीं हुआ।



ग्राम सुरानगला से रहपनपुर मार्ग पर स्वीकृत 6 मिमी मोटाई का सील कोट कार्य मौके पर नहीं किया गया, जबकि पूरी सड़क में 20 मिमी मोटाई भी अधूरी बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यह सब पीडब्ल्यूडी की मिलीभगत से किया गया है। ग्रामीणों के विरोध और 'शाह टाइम्स' में खबर प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार ने कार्य को दोबारा शुरू तो किया, लेकिन वह भी मानक को पूरा नहीं करते हुए केवल दिखावा एवं नियमों की खानापूर्ति जैसा रहा।

दूसरी ओर सहसपुर क्षेत्र के गांव मेवाजट से कुमाखिया मार्ग पर प्रस्तावित 90 लाख रुपये की लागत से बन रही सड़क का कार्य भी विवादों में है। इस मार्ग पर भी शुरुआत में ठेकेदार ने 'मैक्स वॉल' से कार्य शुरू कर दिया, जबकि प्रस्ताव के अनुसार कार्य हॉट मिक्स प्लांट से किया जाना था। ग्रामीणों ने इसे लेकर कड़ा विरोध जताया और निर्माण कार्य को रोक दिया था। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े बजट की योजना में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। यदि शुरुआत से ही नियमों का उल्लंघन होता रहा तो सड़क की गुणवत्ता और टिकाऊपन पर गंभीर प्रश्न खड़े हो जाएंगे। वहीं ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि मानकों का पालन नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे।

### लंबे समय से थी सड़क की मांग

यह मार्ग लंबे समय से जर्जर अवस्था में था और ग्रामीणों द्वारा लगातार इसकी मरम्मत की मांग की जा रही थी। निर्माण कार्य का प्रारंभ होना जहां राहत की बात है, वहीं नियमों की अनदेखी और गुणवत्ता से जुड़ी चिंताओं ने इस परियोजना पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

### दोषियों पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिन अधिकारियों व ठेकेदारों की मिलीभगत से निर्माण में अनियमितताएं हुई हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अफजलगढ़ के धावकों का दबदबा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मीरी पीरी खालसा अकैडमी अगवानपुर के दलजीत सिंह व हरसिमरत कौर ने जिला एथलेटिक्स संघ बिजनौर जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया और अब वे जिला नैशनल स्तर पर हैदराबाद में प्रतिभाग करेंगे।

बिजनौर सचिव ओमराज सिंह, जितेंद्र यादव आर.एस.ओ. बरेली/मुरादाबाद, राजकुमार सिंह डी.एस.ओ. बिजनौर, डॉ. अजय पाठक रीजनल ओलंपिक सेक्रेटरी मुरादाबाद, डॉ. एस.पी. देशवाल अध्यक्ष व कपिल राणा उपाध्यक्ष की उपस्थित में खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें मीरी पीरी खालसा अकादमी के विद्यार्थियों ने अपने अध्यापक रघुवीर सिंह व श्रीमती नीलम बेरीवाल के साथ उपस्थित होकर 9 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक और 7 कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जशनदीप कौर ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, अनंत दीप सिंह ने 200 मीटर दौड़ व 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, फातिमा सिद्दीकी ने 800 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, जशन दीप कौर ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, पुरुषोत्तम सिंह ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान व मनसिरत कौर ने चक्का फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विजयी विद्यार्थियों का मीरी पीरी परिवार ने भव्य स्वागत किया और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा ली।

# कूड़े के ढेर पर खड़े ट्रक में आग से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कूड़े के ढेर पर खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ देर में ज़ोर पकड़ लिया। आग की लपटें देख हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर आनन-फानन में पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया लेकिन अग्निकांड में ट्रक जलकर खाक हो गया। जबकि ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के चपेट में आने से बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया।

## एचटीलाइन चपेट में आने से बाल-बाल बची

सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित चन्दौसी रोड पर कूड़े के ढेर पर खड़े ट्रक पर अचानक आग लग गई। आग ने कुछ देर में ही विकराल रूप ले लिया। जबकि आग की लपटें उठते ही हड़कम्प मच गया। किसी ने इसकी साूचना सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरीश कुमार को दी। पुलिस की सूचना पर दमकल के दो वाहन मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने आग की उठती लपटों पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। इसी दौरान इंस्पैक्टर क्राइम जितेन्द्र कुमार चर्मा और एसडीओ संतोष त्रिपाठी वहां आ गए। दकमल कर्मचारियों ने करीब आधा घंटे के अथक प्रयासों से आग पर काबू पा लिया। आग इतनी भयंर हो गयी थी कि वहां खड़े दूसरे ट्रक को भी चपेट में लेने लगी थी। आग पर काबू पाते ही पुलिस ने भी राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने दोनों ट्रकों को सीज किया था तब से यह दोनो कूड़े के ढेर पर खड़े हुए थे। प्रभारी निरीक्षक अमरीश कुमार ने बताया कि आग लेने के कारणों की जांच के चौकी पुलिस को निर्देश दे दिये हैं।



सम्भल-चन्दौसी रोड पर कूड़े के ढेर पर जलते ट्रक की आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकलकर्मी।

# युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा एमसीएक्स पर सटटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एमसीएक्स पर चल रहा कारोबार युवा पीढ़ी को जमकर बर्बाद कर रहा है। कई परिवारों के बिगड़ैल युवा अब तक काफी सम्पत्तियों को दांव पर लगाकर परिवार को सड़क पर लाकर खड़ा कर चुके है।

नगर में कई परिवार ऐंसे हैं जिनकी अलग-अलग कारोबार में तूती बोलती रही है, लेकिन जब से एम्सीएक्स पर कारोबार शुरू हुआ है इसके चक्कर में कई परिवारों में युवा पड़ चुके है। ऑन लाइन किए जाने वाले तरह-तरह के कारोबारों में परिवारों के बिगड़े युवाओं ने परिवार की सम्पत्तियों को ही दॉव पर लगा दिया है। जल्दी ही धनवानों की सूची में खड़े होने वाले

## ▶▶कई परिवार हो चुके हैं तबाह नामचीन परिवार गवां चुके हैं बेशकीमती सम्पत्तियां

युवा इस कारोबार में पड़ने से परिवार की बर्बादी का कारण बन चुके है। नामचीन परिवारों को सड़क पर लाकर खड़ा करने वाले युवाओं के परिजनों को उनके सबकुछ लुटाने पर पता चलता है। अपुष्ट सूत्रों की माने तो ऐंसे कई स्थानों पर एम्सीएक्स पर सटटे का कारोबार चल रहा है जिसकी पुलिस अथवा अन्य जिम्मेदारों को आभास तक नहीं हो पाता है जबकि इस कारोबार में फंसे काफी युवा बर्बादी के कगार पर ही नहीं बल्कि परिवारों को कटोरा हाथ में देकर सड़क पर ला चुके हैं। एम्सीएक्स पर सटटा खिलाने वाले दिनों-दिन तरक्की कर रहे हैं लेकिन जल्द धनवान बनने के फेर में युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। परिवारों को भीख का कटोरा थमाने वाले एम्सीएक्स सटटे पर लगाम लगाने के लिए फिलहाल कोई कारगर कदम उठते नहीं दिख रहे हैं। बताया तो यह भी जा रहा है कि चर्चित एक मौहल्ले में कई स्थानों पर एम्सीएक्स पर सटटे का कारोबार बैखौफ किया जा रहा है।

# कांग्रेस के संघर्षशील नेता सुपुर्दे, खाक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कांग्रेस के जमीन से जुड़े व संघर्षशील नेता का बीमारी के चलते इंतेकाल हो गया। उन्हे नम आंखों के साथ सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

नगर के मौहल्ला चमन सराय निवासी शमशाद कुरैशी शुरू से ही कांग्रेस से जुड़े रहे। जमीनी माने जाने वाले कांग्रेसी नेता पार्टी के लिए हमेशा संर्घषशील रहे। बुरे समय में जहां काफी लोगों ने पार्टी से किनारा कर लिया,लेकिन शमशाद कुरैशी हमेशा पार्टी से जुड़े रहकर संगठन और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करते रहे। कुछ दिन पूर्व उन्हे लीवर की बीमारी का पता चला। परिजनों ने उनका दिल्ली में इलाज कराया। करीब एक माह से बीमारी से लड़ रहे शमशाद कुरैशी ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके दफीने में पूर्व ख्चैयरमेन हाजी नुसरत इलाही, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की व आरटीआई कार्यकर्ता साद उसमानी अधिवक्ता गय्यूर अहमद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# सुमंगला व निराश्रित महिला पेंशन योजना में जिले को फिर मिला पहला स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** महिला कल्या विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की प्रगति को लेकर मुख्यमंत्री डेशबोर्ड पर की गई समीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना संचालित है। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट के निर्देशन में चल रही योजना की मुख्यमंत्री डेश बोर्ड पर समीक्षा की गयी थी। जनपद सम्भल का मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लम्बित आवेदनों के निस्तारण में अगस्त माह 2024 में जनपद को पहला स्थान मिला था जबकि माह सितम्बर 2024 में प्रदेश में दूसरा स्थान पाया था जबकि माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में तीसरा स्थान मिला था। इसके अलावा नवम्बर 2024 मे की गई प्रगति की समीक्षा में प्रदेपहला और दिवसम्बर 2024 में दूसरा स्थान हासिल किया था। जनवरी माह 2025 योजना की हुई समीक्षा में जिले को प्रदेश में पहला व फरवरी माह में पहला और मार्च माह 2025 में दूसरा और इसके अलावा अप्रैल माह 2025 की समीक्षा में जिले को फिर से पहला स्थान हासिल हुआ है। निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत लम्बित आवेदनों के निस्तारण में माह मार्च 2025 में पहला और माह अप्रैल 2025 में भी जनपद को पहला स्थान हासिल हुआ।डीएम ने योजनाओं से जुड़े अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए योजना का लाभ पाने के लिए आने वाले आवेदनों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार स्थलीय जांच कर निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं।

## ▶▶डीएम ने समीक्षा बैठक में की प्रशंसा

## बाइक फिसलने से घायल

**सम्भल।** नखासा थाना क्षेत्र गांव शरिफपुर निवासी अंकित रविवार की देर शाम गांव के ही वीरेंद्र की बाइक लेकर उसी के खेत से घर आ रहा था। गांव में सिंहपुर साहनी मार्ग पर प्राथमिक विद्यालय के सामने तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रि होकर फिसल गई जिसमें अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर परिजन ने अंकित को सम्भल चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# शोक संदेश तक सीमित रहता है कांग्रेस हाईकमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला और शहर में कांग्रेस के ऐंसे-ऐंसे कर्मठ व संर्घषशील नेताओं व कार्यकर्ताओं की फहरिस्त है जिन्होने समय कोई भी रहा हो लेकिन पार्टी का दामन कभी नहीं छोड़ा। हर समय पार्टी के लिए तन मन न्यौछावर करने को तैयार रहने और बुरे दौर में भी पार्टी का झंडा उठाने वालों के बुरे वक्त में पार्टी हाईकमान शोक संदेश तक सीमित होकर रह गया है। जिसके चलते उनके परिवारों को पार्टी से हाथ खींचने को मजबूर करता है।

दर असल जब से कांग्रेस केन्द्र व प्रदेशों से सत्ता से बाहर हुई है। तब-तब काफी नेताओं ने पार्टी से दूरी बना ली। ऐंसे-ऐंसे नेता जो जन्मजात कांग्रेसी माने जाते थे उन्होने भी पार्टी से किनारा कर दूसरे दलों का दामन थाम लिया। ऐंसे नेताओं की लम्बी सूची सबके सामने है। जिनका नाम लिया जाना ज़रूरी नहीं है मगर इस सबके बावजूद स्थानीय स्तर पर कांग्रेस से आज भी ऐंसे नेता जुड़े हुए हैं जिनके लिए सत्ता कोई मायने नहीं रखता है बस उन्हे कांग्रेस का निशान हाथ ही सबकुछ है। केन्द्र में 10 वर्ष से अधिक और प्रदेश में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद से शुरू हुए बुरे दौर के बाद से ऐंसे लोग पार्टी का दामन छोड़कर चले गए जिनसे कभी यह कल्पना भी नहीं की जा सकती थी लेकिन इसके विपरीत आज भी जिला और शहर में ऐंसे लोग हैं जो समय अच्छा हो या बुरा वह कांग्रेस को ही अपना तन मन समर्पित कर कार्य करते रहे हैं। बुरी वक्त में भी पार्टी का झंडा उठाने वाले ऐंसे कर्मठ और संर्घषशीलों का बुरे समय में हाईकमान की और से कोई पुरसाने हाल नहीं होता है। ऐंसा कई बार सामने आ चुका है। हाईकमान में ऊंचे पदों पर विराजमान यदि कभी किसी दौरे पर आते हैं तो वह कुछ चाटकुारों के साथ गलबहिया और नश्ते करके चले जाते है। जबकि यदि कोई दुनिया से चला जाये तो शोक संदेश भेजकर अपना पलड़ा झाड़ लेते हैं। यही वजह है कि युवा पीढ़ी कांग्रस से दूर होती चली जा रही है।

# गोवंश के साथ अमानवीयता गम्भीर अपराध

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गोवंश के साथ की गई क्रूरता पर भारतीय सदभावना मंच के गो प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने दुःख व्यक्त कर इसकी निंदा की है। साथ ही अधिकारियों से संज्ञान लेकर जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## ▶▶भारतीय सदभावना मंच गो प्रकोष्ठ के संयोजक ने जांच कर दोषियों पर की कार्रवाई की मांग

मंच के प्रदेश संयोजक पूर्व चैयरमेन नगर पालिका परिषद हाजी नुसरत इलाही ने ग्राम शरीफपुर में विभिन्न समाचार पत्रों मे प्रकाशित समाचार गाय के साथ कुकर्म की अमानवीय घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होने प्रशासन से अपील की है कि जिसने भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया उसे सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच कर बड़ी कार्यवाही होनी चाहिए,क्योंकि ऐसी घटना शर्मसार करने वाली है। गो-वंश के साथ कुकर्म बेहद गम्भीर मामला है। इसी के साथ उन्होने कहा कि कहीं भी गो- वंश दिखाई देने पर उसे चारा खिलाकर दिल खोलकर सेवा करें। यह हर नागरिक का इंसानी फर्ज है कि वह गो-सेवा कर मानवता का इंसानियत का फर्ज अदा करे।



सम्भल-प्रेमी के साथ पति को मारकर गडढे में दबाने वाली हत्यारिन पत्नी प्रेमी के साथ गिरफ्तार।



बबराला- अम्बेडकर पार्क में बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर अनुयायियों को सम्बोधित करते।

# कैमिस्ट एसोसिएशन परिचय पत्र का चलाएगी अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैमिस्ट एसोसिएशन की बैठक में सदस्यता अभियान चलाने तथा प्रत्येक केमिस्ट को परिचय पत्र भेंट करने का अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

असमोली स्थित राहिल मेडिकल एजेंसी पर आयोजित हुई बैठक में संगठन मंत्री अंकुश त्यागी ने कहा कि कैमिस्ट एसोसिएशन सदस्यता अभियान चलाकर जिले भर में केमिस्ट बंधाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा। उनके लिए परिचय पत्र भेंट किए जाएंगे और सोशल मीडिया से जोड़कर विभागीय तथा प्रशासनिक सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का संस्कार जागृत किया जाएगा। राहिल भारतीय ने कहा कि 20 मई से 30 जून तक सदस्यता अभियान चलाकर कैमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रत्येक मेडिकल पर पहुंचकर कैमिस्ट एसोसिएशन से जुड़ने के लाभ बताएंगे और उन्हें संगठन से जोड़कर संगठन की शक्ति से अवगत कराया जाएगा। एसोसिएशन के चेयरमैन श्याम शरण शर्मा ने केमिस्ट एसोसिएशन के माध्यम से स्वच्छता, सेवा, वृक्षारोपण के माध्यम से केमिस्ट एसोसिएशन की सभी गतिविधियां संचालित करने का संकल्प दिलाया। प्रत्येक गतिविधि का एक आयाम प्रमुख घोषित किया जाएगा। एक महीना 10 दिन चलने वाले सदस्यता अभियान का प्रमुख राहिल भारतीय एवं अंकुश त्यागी को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में आए सभी कैमिस्ट बंधुओं का डा. अभिजीत पॉल बंगाली ने माल्यार्पण करके स्वागत सम्मान किया। बैठक में अमन त्यागी, फुरकान, हाजी इरशाद, एस कुमार, मुसाबिर हुसैन, कृपाल सिंह, मोहम्मद शाहनवाज, हेमंत वार्ष्णेय, डा. नसीम, अनिल कुमार अग्रवाल आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश वार्ष्णेय ने की तथा संचालन महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने किया।

# पति की हत्यारोपी पत्नी व प्रेमी भेजे गए जेल

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रेमी संग मिलकर पति को मौत की नींद सुलाकर गडढे में दबाने के हत्यारोपी पत्नी और प्रेमी को जेल भेजा गया।

बिहार राज्य के पूर्णिया जनपद के बालू टीला निवासी युवक गुगली भगत गाजियाबाद में अपनी पत्नी और बच्चों सहित मजदूरी करता था। वहीं पर कैला देवी थाना क्षेत्र के नाइयों की मढ़ैया निवासी गीतेश भी मजदूरी करता था। आपसी संबंध होने के चलते गुगली भगत का गीतेश के घर भी आना जाना था। बीते दिनों होली त्यौहार पर गुगली भगत अपनी पत्नी सहित गीतेश के घर आया था और सप्ताह भर रहने के बाद चला गया था। गुगली भगत की पत्नी पूजा का गीतेश के साथ प्रेम प्रसंग हो गया था। गाजियाबाद से गीतेश गुगली भगत की पत्नी पूजा को लेकर अपने घर आ गया था। जहां उसके साथ उसका ढाई वर्षीय बेटा भी आया था। पत्नी को तलाश करते हुए गुगली भगत अपनी बेटियों के साथ पत्नी के प्रेमी गीतेश के घर आ गया था। जहां जान पहचान होने के चलते रहते हुए सप्ताह भर हो गया था। गुगली भगत को जब प्रेम प्रसंग की जानकारी हुई तो वह पत्नी को डांटता था और धमकी भी देता था। बीते 7 मई की रात्रि को पूजा के साथ सोते समय गूगली भगत और उसके प्रेमी गीतेश में झगड़ा हो गया था। देर रात्रि पत्नी पूजा व उसके प्रेमी गीतेश ने सोते समय गुगली भगत के गले में रस्सी डालकर हत्या कर दी थी। जिसके बाद रात्रि में ही गीतेश ने इसी गांव निवासी अपने भांजे पंकज पुत्र नेमचंद को बुलाकर गुगली भगत के शव को ले जाकर गांव निवासी ग्रामीण नत्थू के खेत में फावड़े से गडढा खोदकर दबा दिया था। मौके पर सीओ व कैला देवी थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम पहुंची थी। जहां पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की थी। जांच के बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। जहां दोनों के द्वारा गला दबाकर हत्या की गई थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## हत्या कर खेत में गड्ढे में दबा दिया था शव

# भगवान बुद्ध के बताए रास्ते पर चलें

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के अंबेडकर पार्क में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व धंम्म भूम के सानिध्य में पारंपरिक तरीके से मनाया गया। जिसमें गुन्नौर तहसील के धम्म अनुयायियों ने तथागत बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बुद्ध वंदना कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने को कहा। वही बौद्व अनुयायियों ने इनके जीवन पर प्रकाश डाला। सत्यवीर आनंद ने बुद्व पूर्णिमा के महत्व को बताते हुए कहा कि बुद्व पूर्णिमा भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बु) पूर्णिमा का पर्व बौ) अनुयायियों के द्वारा मनाया जाता है। धयान साधना के अभ्यास के द्वारा आध्यात्मिक चेतना की उन्नति के लिए एक विशेष पर्व है। क्योंकि आज ही के दिन बुद्व का जन्म वैशाख पूर्णिमा को एक सिद्वार्थ नामक बालक के रूप में हुआ इनका जन्म ही नहीं बल्कि वैशाख पूर्णिमा जिसको हम बुद्व पूर्णिमा के नाम से जानते हैं। इस दिन तीन घटना बुद्व के जीवन में घटी इसी दिन इनका जन्म हुआ आज ही के दिन बोधागया में ज्ञान की प्राप्ति हुई तथा आज ही के दिन कुशीनगर में महापरिनिर्वाण हुआ। वहीं अलीगढ़ अंबेडकर मेला की कोषाध्यक्ष रजनी सिंह व संत रविदास मेला के संस्थापक अध्यक्ष एसपी सिंह शिवा ने भी विचार रखते हुए कहा की बुद्व पूर्णिमा का पर्व पूरे विश्व में धूमधााम से मनाया जाता है। भारत ही नहीं श्रीलंका वर्मा थाईलैंड दक्षिण कोरिया वियतनाम आदि देशों में इनका जन्म मनाने के लिए प्रकाश पर्व के रूप में एक महीने पहले से ही तैयारी शुरू हो जाती हैं। तथा हम सभी को बुद्व पूर्णिमा को एक शालीनता के तरीके में मनाना चाहिए आज ही के दिन हम श्वेत वस्त्र पहने घरों में पकवान विशेष खीर का वितरण करे। घरों की साफ सफाई कर घरों पर रोशनी करें। इस दौरान चुन्नीलाल, बाबूराम किशोर शिवराज सिंह जगन्नाथ सिंह मोतीलाल हर प्रसाद विजय प्रकाश, रेनू बौद्व, सुहानी बौद्व, शोभा आनंद, पप्पू उर्फ शिवा राहुल अंबेडकर, रामकिशोर आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## ▶▶अनुयायियों ने जीवन पर डाला प्रकाश

# प्रारम्भिक शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण प्रारम्भ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रारंभिक शिक्षा वर्ग के तृतीय दिवस में सर्वप्रथम ओम का उच्चारण द्वारा वर्ग प्रारंभ हुआ। मेरी मातृभूमि मंदिर है इस विषय पर चिंतन बिंदु योजना द्वारा प्रस्तुत किया गया। शाखा सत्र में विभाग कार्यवाही का सरोज जी द्वारा शाखा नियोजन कराया गया। योग और व्यायाम सत्र के पश्चात बौद्विक सत्र में सर्वप्रथम अंशी द्वारा गीत और प्रतिज्ञा द्वारा अतिथि परिचय एवं शिवांगी द्वारा अमृत वचन खुशबू द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता स्वाति जी ने महारानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक बातें बताईं कि जो कोई भी न्याय के लिए आता था वह घंटा बजाता था और महारानी उसे सीधे अपने दरबार में बुला लेती थीं। महारानी द्वारा मुगलों के तोड़े गए अनेकों मंदिरों को पुनः स्थापित किया गया।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बुद्ध पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी लगात श्रृद्वालु।

# बिन लाइसेंस वाले नहीं चलाएंगे वाहन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह केयर के अंतर्गत यातायात प्रभारी दुष्यंत बालियान और मुख्य आरक्षी सचिन कुमार और मुख्य आरक्षी विशांत कुमार के द्वारा यात्रियों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया जिसमें मुख्य रूप से यातायात के नियम के बारे में बताया गया कि दो पहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग करेंगे और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगे शराब के नशे में वाहन नहीं चलाएंगे और नींद आने पर वाहन नहीं चलाएंगे खतरनाक ढंग से वाहन नहीं चलाएंगे 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति वाहन नहीं चलाएंगे जिनका ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बना है वह भी वाहन नहीं चलाएंगे गोष्ठी के दौरान बताया गया कि पैदल यात्री भी यातायात नियमों का पालन करेंगे चौराहा पार करते समय दाएं बाएं देखेंगे उसके बाद चौराहा पर करेंगे और रात्रि में वाहन चलाते समय इंडिगेटर और डिपर का प्रयोग करेंगे मोड आने पर और भीड़ भाड़ वाले स्थान पर ओवरटेक नहीं करेंगे अस्पताल और स्कूल के सामने होरन नहीं बजाएंगे प्रेशर हॉर्न और मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग नहीं करेंगे सड़क पर चलते समय यातायात संकेत का पालन करेंगे घर जाकर अपने बच्चों और रिश्तेदारों और गांव मोहल्ले में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे क्योंकि जीवन अनमोल है हमें अपनी जीवन की सुरक्षा करनी है अगर हम यातायात नियमों का पालन करेंगे तो दुर्घटना से बचे रहेंगे इसीलिए यह जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं हर व्यक्ति अगर अपनी जिम्मेदारी समझेंगे तो हम दुर्घटना को रोक सकते है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर बुद्व पूर्णिमा पर्व पर श्रृद्वालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर स्नान किया। लोग काफी दूर दूर से स्नान करने आये। राजघाट गंगाघाट पर मेला लगा और सभी ने सामान की खरीदारी की।

पण्डित पुष्पेन्द्र शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को बुद्व पूर्णिमा मनाई जाती है। इसे बुद्व पूर्णिमा इसलिए कहते है, क्योंकि इस दिन भगवान बुद्व का जन्म हुआ था। इसके साथ ही पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान और दान का विशेष महत्व भी होता है। गंगा मइया का जल सभी को पवित्र करता है। यही आस्था ही स्नान पर्व को महत्वपूर्ण बनाती है। गर्मी के बाद भी लोगो का उत्साह देखने लायक था। सभी गंगा में स्नान कर अपने को धन्य मानते हैं। गंगा मईया में आसपास के लोगों की अपार श्रृद्वा है। सभी अपनी ट्रैक्टर ट्राली भरकर गंगा स्नान को पहुंचे। कार व बाइक भी लोगो के पहुचने का साधन रहीं। वाहनों की संख्या के कारण कई बार इंदिरा चौक पर जाम की स्थिति बनी।

# राजघाट पर लगा मेला

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर बुद्व पूर्णिमा पर्व पर मेला लगा। जिसमे महिलाओ व बच्चों ने खूब खरीददारी की। सुबह से ही चन्दौसी बहजोई डिबाई व अन्य स्थानों से लोग पहुचने लगे थे। अपने वाहनों से लोग परिवार सहित पहुचे। गंगा जी में नहाते समय को अनहोनी न हो इसके लिए नाव के साथ मल्लाह भी मौजूद रहे।धर्मशालाओं में भीड़ रही। लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। लोगों ने घाट पर बच्चों मुंडन कन छिद्दन भी कराये। पुलिस व्यवस्था को मुस्तैद रखा गया।

# 14 मई को होगा धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन (असली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. हरपाल सिंह के बड़े भाई चौ. राजपाल सिंह का एक दिन पूर्व हृदय गति रुक जाने निधन हो गया। उनके निधन पर भा.कि.यू. असली परिवार ने अपने पूर्व निधारित सभी कार्यक्रम तीन दिन के लिए स्थगित कर दिए थे। जिनमें तहसील चन्दौसी में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में 13 मई 25 को तहसील कार्यालय के गेट पर धरना-प्रदर्शन का प्रस्तावित कार्यक्रम भी शामिल था।भा.कि.यू.असली की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक में तहसील चन्दौसी में व्याप्त भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार के प्रति तहसील प्रशासन की उदासीनता तथा तहसील चन्दौसी में हो रहे किसानों के इस आर्थिक शोषण व्याप्त भृष्टाचार पर तीव्र रोष प्रकट किया। जबकि धरना प्रर्दशन 14 मई को होगा।

**सम्बंध-विच्छेद**

मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र जीशान के समाज विरोधी चाल-चलन व आये दिन लड़ाई झगड़ों से तंग आकर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब मेरा व मेरे परिवार का जीशान के किसी भी कार्य से कोई लेना-देना नहीं हैं। बल्कि जीशान अपने कृत्यों का स्वयं ज़िम्मेदार होगा। मैं व मेरा परिवार किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा।

**उमर जहॉ पत्नी आस्कार**
नि. नरोत्तम सराय निकट थाना नखासा तह. व जिला सम्भल।

# भोजपुर में विवाहिता की मौत पर हंगामा मजिस्ट्रेट ने बयान दर्ज कर कराया पीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा में लंबी बीमारी के बाद विवाहिता की मौत हो गई। ससुरा. लियों पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए भाई ने हंगामा कर डायल 112 को फोन कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मजिस्ट्रेट को बुलाकर कानुनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हालांकि बाद में मृतका के परिजन पुलिस से पीएम नहीं कराने की मन्नतें करते रहे। पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी। सोमवार को दोपहर बारह बजे गांव देवीपुरा निवासी रो. हताश की पत्नी मीनू 30 की जिला मुख्यालय में स्थित निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह लंबे समय से बीमारी की चपेट में थी।घ एक सप्ताह पहले उसके पित्त की पथरी का आप्रेशन हुआ था। ससुराल वाले अंतिम संस्कार की तैयारियां कर रहे थे। बिजनौर के थाना स्योहारा निवासी भाई गौरव आया और ससुरालियों पर बहन की हत्या करने का आरोप लगाते हुए डायल 112 को फोन कर दिया। विवाहिता की हत्या की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतका की मां, भाई-बहनों के बयान दर्ज कराने और मौका मुआयना करने के लिए मजिस्ट्रेट को सूचना दी। नायब तहसीलदार भोजपुर पल्लवी वानिया ने मौके पर पहुंचकर मृतका के परिजनों के बयान लिए, मृतका की मां, भाईयों अमित, रोहित, अंकित और हंगामा करने वाला गौरव पीएम कराने से इंकार करने लगे।घ पुलिस और मजिस्ट्रेट ने उच्चाधिकारियों का हवाला देकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पीएम के बाद गांव में ही अंतिम संस्कार होगा।



भोजपुर। विवाहिता की मौत के बाद उसके घर पर जुटी ग्रामीणों की भीड़।

## पुलिस ने जान लेवा हमले में शामिल तीन को हिरासत में लेकर भेजा जेल

**भोजपुर।** सोमवार को उप निरीक्षक अनिल कुमार गोस्वामी और शराफत अली ने जान लेवा हमला करने के आरोप में वांछित चल रहे गांव साहपुर मंजरा निवासी सुभान, मुस्तफा और भूरा उर्फ इस्तेखार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद चालान कर दिया। अदालत ने आरो. पियों को जेल भेज दिया।घ आरोपियों के खिलाफ गांव की जुबैदा पत्नी जान मौहम्मद ने पति और चचेरे दामाद नसीम पर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने के आरोप में।



## मेले में प्रसाद चढ़ाने आई महिला की चेन गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के फीका नदी के समीप श्री श्री 108 नलों वाले बाबा के स्थान पर लगने वाले 15 दिवसीय में चोर उच्चके सक्रिय रहे एक महिला के गले से सोने की चेन खींच ली गई महिला ने आनंद-फानन में पूरे मंदिर परिसर को अच्छी तरीके से अपने गले की सोने की चेन को ढूंढा लेकिन मंदिर परिसर में कुछ भी नहीं मिला नलो वाले बाबा के मंदिर पर लगे मेले में चोर उचक्के पूरी तरह से सक्रिय रहे जिसके चलते महिला के चेन गायब हो गई अब बता दें कि बीते दिन सोमवार को मंदिर परिसर में काफी संख्या में भीड़ रही और उस समय तक पुलिस प्रशासन भी मंदिर पर मौजूद नहीं था काफी देर में महिला ने अपनी पूजा अर्चना करने के बाद बाहर निकली तब महिला का हाथ अपने गले पर गया तो उसकी सोने की चेन गायब थी यह देखकर वह सन्न रह गई और आसपास खड़ी महिलाओं से चेन चोरी होने की बारे में बताया इधर-उधर संदिग्ध को भी ढूंढा लेकिन कोई सफलता नहीं मिली काफी देर बाद महिला हताश होकर जब मेले परिसर पर बने पुलिस सहायता केंद्र पर कोई भी पुलिस प्रशासन का कर्मचारी मौजूद नहीं था जिस महिला हताश हो गई खबरें लिखे जाने तक महिला ने किसी भी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई थी । वहीं कुछ दिन पूर्व बीते रविवार को भी सुरजन नगर में साप्ताहिक बाजार से एक सर्राफा व्यापारी की जेब से 7000 रूपये चोरी हुए थे इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन इस घटना पर ध्यान नहीं दे रहा है आखिर क्यों।

## एक नजर

### 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य जारी

**चन्दौसी।** जनता की मांग पर शहर के 36बी रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। रेलवे फाटक बंद होने के कारण लोग घंटों तक जाम में फंसे रहते। अब रेलवे फाटक पर जाम से निजात के लिए ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। फिलहाल रेलवे द्वारा अपने हिस्से का ब्रिज



निर्माण किया जा रहा है जिसमें पिलर निर्माण कार्य चल रहा है। ओवरब्रिज निर्माण में आ रही सभी बाधाओं को हटा दिया गया है। हालांकि वर्तमान में प्रेमनगर, अशोक नगर, प्रगति बिहार, गुमथल, मौहम्मदगंज आदि के रहने वाले लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है परंतु ओवरब्रिज निर्माण के बाद काफी सुखद होगा और जाम से मुक्ति मिलेगी।

### बुद्ध जयंती पर जिला बार में कार्यक्रम आयोजित

**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन में बुद्ध जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें वक्ताओं ने महात्मा बुद्ध द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने से ही सम्पूर्ण विश्व में शांति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो सकतें हैं वर्तमान में अपने भारत द्वारा अपने वचाव में सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों व उनके केन्द्रों को मिट्टी में मिलाने और विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल पाल सिंह ने की इस कार्यक्रम में डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता, प्रकाश वीरसिंह, भीकम सिंह सैनी, गोपाल कृष्ण, ललित अरोरा, चौतन्य पाल सिंह, शेर सिंह बौद्ध,रानेश भारतीय, रागिनी ठाकुर, वैशाली गुप्ता, जयवीर सिंह, सत्यपाल सिंह,रवि वर्मा, आदि ने सम्बोधित किया।

### अंबेडकर युवक संघ ने गौतम बुद्ध की जयंती धूमधाम से मनायी

**बिलारी।** तथागत गौतम बुद्ध की जयंती नगर के अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ द्वारा भारी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने उनके चित्र पर फूल और मालाएँ अर्पित कीं। उनकी शिक्षाओं पर सभी वक्ताओं ने विस्तार से बताया और अपने जीवन में उतारने का संकल्प दोहराया। बुद्ध जयंती समारोह में पहुंचे सपा विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान को अंबेडकर युवक संघ की ओर से भगवान बुद्ध का चित्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि गौतम बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने से समाज में छोटे बड़े का भेदभाव खत्म होगा और अमन शांति कायम हो सकेगी। उनके उपदेशों में समानता, अंहिसा, प्रेम, करूणा और सत्य का महत्व बताया गया है। उन्होंने अपने पिता मरहूम विधायक मोहम्मद इरफान का जिक्र करते हुए कहा कि वह भी बाबा साहब और गौतम बुद्ध के विचारों को आगे बढ़ाने में लगे रहते थे आज हम विधायक हैं तो बाबा साहेब और गौतम बुद्ध के विचारों की ही देन है। संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह, मनवीर सिंह, राम अवतार सिंह, के के नवल, मनवीर सिंह, डा धर्मवीर यादव, कृषि पंडित रघुपत सिंह के अलावा सौरभ यादव, अरविन्द सिंह, जाकिर प्रधान, आमिल सिददीकी, जरीफ अंसारी, अकरम मलिक भी शामिल रहे। इनके अलावा संघ की ओर से बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाने में लगे अनेक महिला पुरुषों को भी सम्मानित किया गया।



### नीमरी फतेहपुर में बुद्ध पूर्णिमा मनाई

**बिलारी।** नीमरी फतेहपुर में बुद्ध पूर्णिमा पर पूर्व प्रधान भरतसिंह मौर्य, मास्टर रमेश मौर्य, प्रेम कुमार, कन्हैया लाल मौर्य, चंद्रपाल यादव, गणपत बौद्ध ने मोमबत्ती जलाकर, पुष्प चढ़ाकर गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर प्रार्थना कर बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर नागरिक एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि बुद्ध ने कहा था कि में कौंन हु कहा से आया हूँ मेरी जिंदगी का मकसद क्या है जिस दिन में जान जाऊंगा उस दिन में बौद्ध हो जाऊंगा। बौद्ध आंदोलन समाज मे व्याप्त कुरीतियों झूठ पाखंड दुराचार व्यावचार समाज मे ऊंच नीच सामाजिक भेदभाव के मिटाने के लिए था। महिलाओं समानता सबसे पहली भिक्षुणि बनी आम्रपाली जिसे तथाकथित राज समाज ने उसे नगर बधू बना दिया। बुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा, प्राणी हिंसा, पशु पंछियों की हिंसा के विरोधी थे। उन्होंने पंचशील का सिद्धांत दिया। सम्राट अशोक के दौर में एक समय दुनिया के अधिकतर देशों में बौद्ध धर्म का प्रचार हुआ। बौद्ध भिक्षु बुद्धम शरणम गच्छामि। धम्मम शरणम गच्छामि। संघम शरणम गच्छामि को गाते हुए प्रचार करते भिच्छा में जो मिलता मांस अनाज ग्रहण करते। इस मौके पर भारत सिंह मौर्य, रमेश मास्टर, जे ई राकेश , डॉ सोमपाल आदि ने विचार व्यक्त किये। कर्यक्रम में टिंकू यादव, चंद्रपाल यादव, जितेंद्र बाल्मीक, विजयपाल मौर्या, रामवीर यादव, सरवन मौर्य, दिलशाद सलमानी, जसवंत सिंह ,महिपाल यादव, आदि उपस्थित रहे।

### ग्रह-ग्रह गायत्री यज्ञ के अंतर्गत 30 घरों में संपन्न हुए गायत्री महायज्ञ साधना कार्यक्रम

**बिलारी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आवाहन पर ग्रह ग्रह गायत्री महायज्ञ साधना के तहत देश विदेश में एक साथ 1 दिन लाखों घरों में सामूहिक गायत्री यज्ञ संपन्न कराया गया। जिसके अंतर्गत तहसील बिलारी के गायत्री परिवार द्वारा सामूहिक रूप से ग्रहे ग्रहे गायत्री यज्ञ के अंतर्गत राम सिंह यादव, रमेश चंद यादव, आचार्य विजयपाल सिंह, राघव, आदित्य राघव व सजल राघव ने प्रेम शांति इंटर कॉलेज बहोरनपुर नरौली, सिहारी लद्दाद , फतेहपुर नत्था, शिव मंदिर कॉलोनी नारायणपुर मऊ अडोला माफी हांडालपुर अभनपुर बिलारी सहित 30 घरों में गायत्री महायज्ञ संपन्न कराया गया। यज्ञ के दौरान देश व सैनिकों की सुरक्षा के लिए विशेष मत्रों से आहुतियां दी गई। सोमवार को गायत्री यज्ञ से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग दृष्टा मनीषी पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, आदि शक्ति मां गायत्री, शक्ति स्वरूपा माता भगवती देवी, के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह यादव, आचार्य विजयपाल सिंह राघव, रमेश चंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य राघव सजल राघव ने क्षेत्र के विभिन्न घरों में पवित्रीकरण, स्वस्तिवाचन के साथ विधि विधान से 30 घरों में गायत्री यज्ञ संपन्न कराएं। आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने बताया कि यज्ञ से कीटाणु, विषाणु नष्ट होने के साथ-साथ यज्ञ से निकलने वाले धुए एवं गैस के सूक्ष्म परमाणु प्रदूषित कार्बन के परमाणुओं में प्रवेश कर उन्हें शुद्ध तत्व में बदल देते हैं। आज के दौर में वातावरण को पवित्र और शुद्ध रखना अति आवश्यक हो गया है। राम सिंह यादव ने कहा कि जनता जागरुक होने लगी है और वह गायत्री यज्ञ के महत्व को समझने लगी की जीवन का उद्धार यज्ञ के द्वारा ही संभव है। बहोरनपुर नरौली, मोहम्मद हयातपुर,शिव मंदिर कॉलोनी, खंडवा, रेलवे स्टेशन कॉलोनी, प्रेम शांति इंटर कॉलेज फतेहपुर नत्था, सिहारी लदा सहित 30 घरों में गायत्री महा यज्ञ संपन्न कराने में राम सिंह यादव, विजयपाल सिंह राघव डॉक्टर धर्मेंद्र, रमेश चंद्र यादव, नेत्रपाल सिंह दिलावर सिंह मित्रपाल सिंह मनोहर सिंह , आदित्य राघव, कुव सजल राघव, सुमन देवी का विशेष सहयोग रहा।

## बालाजी के जागरण से पूर्व हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

**बिलारी।** नगर के मंदिर पौडा खेड़ा पर श्री बालाजी सेवा समिति कमेटी द्वारा हवन यज्ञ कैजन इसके बाद विशाल भंडारा भी हुआ। जिसमें भारी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे। श्री बालाजी सेवा समिति कमेटी के तत्वाधान में सबसे पहले बालाजी मंदिर पर बालाजी को चोला चढ़ाया गया और विशेष मंत्रों के साथ पूजा पाठ किया गया। उसके बाद श्री बालाजी सेवा समिति कमेटी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा मंदिर पौडाघ खेड़ा में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें पुरोहित के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई और हवन में आहुतियां दी गई । उसके बाद मंदिर के विशाल प्रांगण में एक विशाल भंडारे का आयोजन कमेटी के सदस्यों के द्वारा कराया गया।

जिसमें नगर देहात क्षेत्र के भक्त श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । देर शाम को बालाजी भगवान की भव्य सिंहासन की शोभायात्रा निकल गई जो मंदिर पौडाघ खेड़ा में जागरण में विराजमान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री बालाजी सेवा समिति कमेटी के महंत रमेश चंद्र भगत , पिंकू शर्मा, टिंकू शर्मा ,गगन शर्मा, आशु सक्सेना राजकुमार कश्यप ,सचिन शर्मा ,रविंद्र चौधरी, दानवीर चौधरी ,नीरज रोहिल्ला, नगर के सामाजिक कार्यकर्ता एवं एडवोकेट राजू गुप्ता ,सुरेंद्र चौधरी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक ही समय पर हुआ 51 घरों में यज्ञ भवन

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के तीन गांव में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को व्यापक स्तर पर धार्मिक आयोजन हुआ। सुरजननगर व आसपास के गांव के 51 घरों मेंएक साथ व एक समय पर हवन का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार की टोली ने धार्मिक विधि-विधान के साथ कार्यक्रम संपन्न कराया। अखिल विश्व गायत्री परिवार सुरजननगर के सौजन्य से गायत्री शक्तिपीठ के यज्ञाचार्यो ने घर-घर गायत्री यज्ञ के तहत 51 घरों में विशेष पूजा कराई। गायत्री महामंत्र के उच्चारण के साथ आहुतियां दी गई। वीरेंद्र सिंह, विजयपाल सिंह, अवनीश कुमार, दिनेश कुमार, अनीता देवी, शैलजा देवी ,जोली चौहान,चंद्रमुखी देवी, कृष्णानंद विजयपाल सिंह, भूपेंद्र चौहान आदि यज्ञ हवन में मौजूद रहे।



## एपिलेप्सी से जूझ रहे मरीजों के लिए सर्जरी बन सकती है समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एपिलेप्सी एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जिसमें बार-बार बिना किसी स्पष्ट कारण के दौरे पड़ते हैं। कई लोगों के लिए ये दौरे दवाओं से नियंत्रित किए जा सकते हैं, लेकिन कुछ मरीजों पर दवाओं का असर नहीं होता। जब एपिलेप्सी पर केवल दवाओं से नियंत्रण संभव नहीं हो पाता, तब एपिलेप्सी की सर्जरी एक विकल्प के रूप में सामने आती है। इस सर्जरी का उद्देश्य उस मस्तिष्क क्षेत्र को हटाना या बदलना होता है जहाँ से दौरे की शुरुआत होती है, ताकि दौरे कम या पूरी तरह समाप्त हो सकें। एपिलेप्सी सर्जरी के कई प्रकार होते हैं, जो इस बात पर निर्भर करते हैं कि दौरे किस हिस्से से शुरू हो रहे हैं और मरीज का समग्र स्वास्थ्य व दौरे का इतिहास क्या है। सबसे सामान्य प्रकार की सर्जरी रेसेक्टिव सर्जरी है, जिसमें मस्तिष्क के उस हिस्से को हटा दिया जाता है जो दौरे की शुरुआत करता है। उदाहरण के लिए, टेम्पोरल लोब एपिलेप्सी वाले मरीजों में टेम्पोरल लोब को हटाया जा सकता है। एक अन्य आधुनिक विकल्प है लेजर एब्लेशन, जिसमें एक पतली लेजर फाइबर को मस्तिष्क में डाला जाता है और उससे गर्मी देकर दौरे की शुरुआत वाले हिस्से को नष्ट किया जाता है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के न्यूरो सर्जरी और न्यूरो स्पाइन विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. रोहित बंसिल ने बताया कि "कुछ मामलों में, जब दौरे मस्तिष्क के दोनों हिस्सों को प्रभावित करते हैं, तो कॉर्पस कैलोसोसटोमी की जाती है, जिसमें मस्तिष्क के दोनों हिस्सों को जोड़ने वाले नर्वस स्ट्रकचर्स (कॉर्पस कैलोसम) को काट दिया जाता है ताकि दौरे का प्रसार रोका जा सके। गंभीर मामलों में, जहाँ मस्तिष्क का एक हिस्सा बेकार हो चुका हो और वहां से दौरे शुरू होते हों, वहाँ हेमीस्फेरेक्टॉमी की जाती है, जिसमें मस्तिष्क के एक पूरे हिस्से को हटा या निष्क्रिय कर दिया जाता है। जिन मरीजों के लिए रेसेक्टिव सर्जरी संभव नहीं होती, उनके लिए एक नवीन तकनीक है रेस्पॉन्सिव न्यूरोस्टिमुलेशन (RNS), जिसमें मस्तिष्क में एक उपकरण लगाया जाता है जो दौरे की गतिविधि पहचान कर उसे शुरू होने से पहले ही रोक देता है। हालांकि एपिलेप्सी के हर मरीज के लिए सर्जरी उपयुक्त नहीं होती। वे मरीज जो कई दवाएं आजमा चुके हों और जिनके मस्तिष्क में दौरे की एक निश्चित और सीमित जगह हो, वे इसके लिए आदर्श उम्मीदवार माने जाते हैं। सर्जरी की उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के लिए डॉक्टर और फंक्शनल ब्रेन मैपिंग जैसी तकनीकों का उपयोग करते हैं, जिससे यह तय किया जा सके कि कौन-से मस्तिष्क क्षेत्र महत्वपूर्ण कार्यों जैसे बोलने, याददाश्त या चलने से जुड़े हैं।



अंततः कहा जा सकता है कि एपिलेप्सी सर्जरी उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है, जिनकी बीमारी दवाओं से नियंत्रित नहीं हो पा रही। सही मरीजों का चयन कर और उन्नत तकनीकों का उपयोग कर यह सर्जरी स्थायी राहत दिला सकती है और रोगियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। हालांकि, सर्जरी से पहले मरीजों को अपने डॉक्टर से इसके संभावित लाभ और जोखिम पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए

## उधार की रकम मांगी तो बुरी तरह से पीटकर किया घायल

**बिलारी।** उधार की 35 हजार की रकम मांगने पर बुरी तरह से मारपीट करके घायल कर दिया। मामले में तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जिला रामपुर के थाना भोट के गांव सनईया सुक्सदर के रहने वाले आरिस पुत्र सलीम ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पिता 22 अप्रैल को बिलारी के एक रिश्तेदारी में आए थे। 24 अप्रैल को यासीन पुत्र छोटे को 35 हजार उधार दिए थे। जब वह उनके घर पर पैसा मांगने पहुंचे तो उनके पिता के साथ गाली गलौज की गई।

मना करने पर यासीन, मोमिन, मुकीम पुत्रगण छोटे, फुरकान, फैसल पुत्रगण मल्लुआ, आलम पुत्र शकील अहमद, छोटे आदि ने लाठी डंडों का धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिससे उसके पिता के शरीर पर काफी खुली व गुम चोटें आई। अब आरोपी पिता को धमकी दे रहे हैं, तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ पत्रकार विक्रम राव का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के विक्रम राव का आज सुबह 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्वर्गीय राव का पार्थिव शरीर सुबह नौ बजे दर्शन के लिए यूपी प्रेस क्लब में रखा जाएगा। अंत्येष्टि सुबह दस बजे भैंसाकुंड में होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल राम नाइक, यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, यूपी सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सपा नेता शिवपाल सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री राव टाइम ऑफ इंडिया के नौ प्रदेशों में ब्यूरो प्रमुख रहे उन्होंने वॉइस ऑफ अमरीका के दक्षिण एशिया ब्यूरो में भी 15 वर्षों तक काम किया और कई पुस्तकें भी लिखी। वह भारतीय प्रेस कॉउंसिल के छह वर्ष तक सदस्य रहे । आपातकाल में तेरह माह तक देश की पांच जेलों में रहे। उन्होंने सभी 6 महाद्वीपों के 51 देशों में आयोजित विभिन्न गोष्ठियों में भाग लिया। उनके नेतृत्व में 1145 आंचलिक पत्रकारों ने विभिन्न देशों में पत्रका. रिता का प्रशिक्षण लिया और गोष्ठियों में प्रतिनिधित्व किया।

इनमें उत्तर प्रदेश के 92 पत्रकार शामिल है। स्वर्गीय राव अपने पीछे पत्नी डॉक्टर सुधा राव और दो बेटे



सुदेव राव और विश्व देव राव तथा बेटी विनीता राव छोड़ी। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, मंडलीय अध्यक्ष शिव शरण सिंह तथा यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने संगठनों की ओर से स्वर्गीय राव के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खवड़िया घाट विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 12.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खवड़िया घाट विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.05.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.05. 2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत खवड़िया घाट में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | 01 | 707956.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत खवड़िया घाट विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक

(मुरादाबाद/ चन्दौसी/ अमरोहा/ बिजनौर)

उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स(भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या- 4, भाग-2, मुरादाबाद । E-mail : emombd@upavp.com

पत्र सं.-922/सं.प्र.-मुरादाबाद/ दिनांक: 07.05.2025

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 9बी/668 को प्रदेशन पत्र संख्या 3259/सं०प्र०-मुरा0/ दिनांक 29.07.2013 के द्वारा श्रीमती शशि बाला सिंह पत्नी श्री नरेश कुमार पुत्री श्री हरि सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 10.10.2013 को उक्त भूखण्ड का विक्रय विलेख निष्पादित कराकर दिनांक 11.10.2013 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय मुरादाबाद में पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा दिनांक 24.10.2013 को प्राप्त कर लिया गया। आवंटी श्रीमती शशिबाला सिंह पत्नी श्री नरेश कुमार पुत्री श्री हरि सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड कु० चित्रा सिंह पुत्री श्री डा० वीर सिंह के पक्ष में दिनांक 24.10.2013 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया। तदोपरान्त क्रेता कु० चित्रा सिंह पुत्री श्री डा० वीर सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री गेंदन लाल के पक्ष में दिनांक 05.07.2016 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया। अब श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री गेंदन लाल द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में विक्रयोपरान्त नामान्तरण करने हेतु अनुरोध किया गया है। यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई सुसंगत आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त करा सकता है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य न होंगी तथा परिषद नियमानुसार नामान्तरण सम्बन्धी अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।- **सम्पत्ति प्रबन्धक**


## शिव मंदिर मढी की भूमि पर अवैध निर्माण रुका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में मुरादाबाद रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर मढी स्थान की भूमि पर अवैध रूप से बनाए जा रहे आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण को पूर्व सभासद राजेंद्र पांडेय द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल व अधिकारियों को शिकायत व ट्वीट कर मंदिर की भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को रोके जाने की मांग की थी । वही मंदिर कमेटी के अधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने उच्च अधिकारी यो व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी को मंदिरके समस्त राजस्व अभिलेख सहित साक्ष देकर अवैध निर्माण रुकवाने की मांग की थी । जिस पर आज सोमवार को अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। इसके लिए पूर्व सभासद राजेंद्र पाण्डेय व मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता ओ का धर्म प्रेमियों ने अवैध निर्माण को रुकवाये जाने पर बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया है । बताते चले की कुछ भू माफिया व अराजक तत्व मंदिर की करोड़ों रुपए की भूमि को फर्जी तरीके से हडपने के उद्देश्य से नए-नए हथकंडे लगाए बैठे हैं । इसमें कुछ राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी लिप्त है। इससे पूर्व भी प्रयास किया जा चुका है। लेकिन धर्म प्रेमियों ने कानून के दायरे में रहते हुए उनके मंनसूबो पर पानी फेर दिया है।



साथ ही कमेटी ने चेतावनी दी है। कि मंदिर परिषद की भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने वाले भू माफियो को सफल नहीं होने देंगे।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे 220 मरीज

**सुरजन नगर।** सोमवार को शिफा क्लीनिक सुरजननगर में उमेश त्यागी व राहुल चौधरी के सौजन्य से उजाला हॉस्पिटल काशीपुर ने एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। जिसमें मरीजो निशुल्क परामर्श देकर दवाई वितरित की गई। चिकित्सा शविर में नाक, कान, गला , आंख व शुगर के मरीजों की संख्या अधिक रही। अल्ट्रासाउंड, बी.पी.व शुगर की फ्री जांचकी गई। उजाला हॉस्पिटल के डॉ अमित, डॉ संजीव, डॉक्टर शुभम शर्मा, डॉ आरिफ वही गंभीर मरीजों को उजाला हॉस्पिटल काशीपुर को रेफर कर दिया।




## छहेज उत्पीड़न में विवाहिता को मारपीट कर निकाला

**ठाकुरद्वारा।** प्रेम विवाह के कुछ दिन बाद पति सास ससुर ने दहेज में आठ लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट शुरू कर दी ।यात्राओं से तंग विवाहिता ने जब दहेज का विरोध किया तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी । विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देखकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की। कोतवाली क्षेत्र के गांव अमानताबाद दुल्हापुर निवासी ज्योति पुत्री महावीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि गांव केपरविंदर सिंह पुत्र राजपाल सिंह से प्रेम विवाह के तहत31 जुलाई 2023 को बिना दहेज रहित विवाह संपन्न हुआ था। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चला। बाद में पति परविंदर सास ससुर जेठ ने उसे पर अपने पिता से दहेज मे आठ लाख रुपये लाने का दवा बनाना शुरू कर दिया जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आप है कि उसका पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता। कहता अपने पिता से जमीन बेचकर मुझे पैसे दे। अन्यथा तुझे जान से मार दूंगा । इस घटना की जानकारी माता-पिता को दी। क्योंकि मात्र 50 मीटर की दूरी पर उसके पिता का घर है। जब माता-पिता ने इस संबंध में बात की तो उनके साथ भी मारपीट की। माता-पिता को पिटते देख उसने जब उन्हें बचाया तो उसे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हैं घर से निकाल दिया। पीडिता ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।



# पांच दिन के अंदर विराट कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास

● नौ खिलाड़ी दोनों की जगह लेने को तैयार, विराट कोहली को रिप्लेस करने के लिए श्रेयस नंबर-1

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा।


विराट कोहली के जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं। श्रेयस अय्यर- भारत से तीनों फार्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं। रजत पाटीदार- इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वाड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं। सरफराज खान- भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज का औसत 65.61 का है। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है। ध्रुव जुरेल- 24 साल के जुरेल भारत के लिए 4 टेस्ट खेल चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अपनी टेक्निक से सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा। युवा जुरेल विकेटकीपंग भी कर लेते हैं, ऐसे में प्लेइंग-11 में शामिल होने का ज्यादा आप्शन देते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए मैनेजमेंट उन पर भी इन्वेस्ट कर सकता है। करुण नायर-घरेलू क्रिकेट के पिछले सीजन में अपनी परफार्मेंस से सबका ध्यान खींचने वाले करुण को इंग्लैंड में भी खेलने का अनुभव है। कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में वे अच्छा आप्शन हैं। घरेलू मैदान पर भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ वे 23 फर्स्ट क्लास सेंचुरी भी लगा चुके हैं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे थे। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। साई सुदर्शन-23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। देवदत्त पडिक्कल-24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। अभिमन्यु ईश्वरन- ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था। उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। )तुराज गायकवाड- व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। रोहित और कोहली के बाद टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा ही इकलौते सीनियर प्लेयर बचे, जिनका करियर 12 साल से ज्यादा है। माना जा रहा है कि जडेजा अगर 1-2 साल में इस फार्मेट से रिटायर नहीं हुए तो उन्हें भी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह साइडलाइन कर दिया जाएगा। ईशांत शर्मा, उमेश यादव और )f(मान साहा भी कुछ प्लेयर रहें, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले ही टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इंडिया ने युवा प्लेयर्स पर इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया है। ऐसे में नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर पर भी गाज गिर सकती है। जडेजा के अलावा टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल ही थोड़े अनुभवी हैं। दोनों ने 45 से ज्यादा टेस्ट खेल लिए हैं। बुमराह 31 और राहुल 33 साल के हैं।

## मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए: अनुष्का

● विराट कोहली के संन्यास लेने पर गंभीर बोले- शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** 14 साल तक टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले विराट ने 123 मैचों में 9230 रन बनाए। इनमें 30 शतक शामिल हैं। पूरा क्रिकेट जगत विराट के रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दे रहा है।

रवि शास्त्री बोले- विश्वास नहीं हो रहा टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा। आप मार्डर्न डे लीजेंड हैं, टेस्ट क्रिकेट में आपकी कप्तानी ने फार्मेट की दिशा बदल दी। सुखद यादों के लिए धन्यवाद, मैं इन्हें हमेशा याद रखूंगा। शास्त्री ने आगे कहा कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को जुनून और आक्रामकता के साथ जिया और इस फार्मेट में भारत की पहचान को नई ऊंचाई दी। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, श्वे रिकार्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने टेस्ट क्रिकेट को दिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। अनुष्का ने आगे इस पोस्ट में लिखा, श्मैंने हमेशा कल्पना की थी कि आप टेस्ट क्रिकेट में किसी अलग तरह से संन्यास ले लेंगे, लेकिन आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है।



### संक्षिप्त खेल समाचार

#### पाक सुपर लीग को दोबारा शुरू करने पर विचार: पीसीबी

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद स्थगित की गई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहा है। पीसीबी का मानना है कि अगर टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए विदेशी खिलाड़ी नहीं भी आ पाए तो भी वह लीग शुरू करने के लिए तैयार है। बांग्लादेश को इस महीने के अंत में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है और बोर्ड इससे पहले ही टूर्नामेंट का फाइनल कराना चाहता है। पीसीबी सूत्र ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद पीसीबी 16 मई से पीएसएल दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है। सूत्र ने कहा, फाइनल लेकर पीएसएल में हमारे आठ मैच शेष हैं और रणनीति यह है कि विदेशी खिलाड़ी के बिना भी 15-16 मई से टूर्नामेंट दोबारा शुरू किया जाए और इसे खत्म किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ विदेशी खिलाड़ी अभी दुबई में हैं, जबकि कुछ अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं।

#### भारत की पुरुष व मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**चीन, वार्ता।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। शनिवार को अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14:81 का समय निकालकर हीट 2 में 4वां स्थान हासिल किया।

● 14 साल तक लाल गेंद के खेल में दिखाया जलवा ●

## एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे विराट

■ बोर्ड ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंततः सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब केवल कोहली एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आयेंगे। कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा।

इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। कोहली ने जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाया। उन्होंने कहा कि मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइनिंग ऑफ'। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्द्धशतक और सात दोहरे शतक बनाये। उन्होंने 123 टेस्ट मैच की 210 पारियों में 46-85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार का स्वाद चखने को मिला, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

कोहली ने 2016 और 2019 के बीच शानदार प्रदर्शन किया और उस दौर के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज उभरकर सामने आये। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए वर्ष 2017 और 2018 में टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गया। हालांकि 2020 की शुरुआत में उनका फॉर्म कमजोर हुआ, लेकिन उन्होंने 2023 में फिर से वापसी की। सफेद जर्सी में उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। इस सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।



## तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

● तन्वी ने फाइनल मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-13 व 21-10 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। खेले गए मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।

## करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला की भाला फेंक स्पर्धा में जीता सोना

■ करिश्मा सानिल ने 53.33 मी. के प्रयास के साथ तीन एथलीटों में शीर्ष स्थान हासिल किया

**दुबई, वार्ता।** भारत की करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला 2025 में जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, एंसी सोजन और शैली सिंह लंबी कूद स्पर्धा में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। रविवार को मदर्स डे पर दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा में 24 वर्षीय करिश्मा सानिल ने 53.33 मीटर के प्रयास के साथ तीन एथलीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। यूएई की अलियाज्या तारेक (31.04 मीटर) थ्रो के साथ दूसरे और भारत की हर्षिता सेहरावत की (16.77 मीटर) थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रही। वूमेंस लंबी कूद में एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय एथलीट एंसी सोजन 6.54 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारत की शैली सिंह 6.48 मीटर की लम्बी कूद लगाकर तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में अरब गेम्स की चैंपियन एसरा ओविस ने 6.66 मीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। एंसी सोजन और शैली सिंह ने शुक्रवार को इसी स्थान पर यूएई ग्रां प्री 2025 एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में शैली सिंह ने 6.44 मीटर की कूद के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एंसी सोजन 6.33 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य स्पर्धाओं में रविवार को भारत की मौमिता मोंडल (24:61 सेकेंड) ने दक्षिण अफ्रीका की तमजिन(24:15 सेकेंड) में 200 मीटर रेस में 2वां हासिल किया।

### अनाहत, वीर, रमित की हार से विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय अभियान समाप्त

शिकागो, वार्ता। विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में अनाहत सिंह, वीर चोटरानी और रमित टंडन की हार के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। लेकशोर स्पोर्ट एंड फिटनेस सेंटर में रविवार को खेले गए दूसरे दौर में 28 मिनट तक चले मुकाबले में भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला खिलाड़ी अनाहत को मिस्र की फैरूज अबोएलखिर के हाथों 3-1 (11-7, 8-11, 11-4, 11-3) से हार का सामना करना पड़ा। 17 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहले दौर के पांच सेट में अमेरिका की मरीना स्टेफनोनी को हराकर इस स्पर्धा के एकल में जगह बनाई थी।

## भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात का अभ्यास शुरू



### 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है। 9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था। गुजरात पाइंट्स टेबल में टॉप पर आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पाइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही। आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेडयूल जल्द जारी होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं, पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेडयूल में प्लेआफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था। आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी आरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसि( कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है।

## एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषित

● एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन एंटवर्प और बर्लिन में खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने 14 से 29 जून तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषणा कर दी है।

एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में खेला जायेगा। इस लीग भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के बीच दो-दो मैच खेले जायेंगे। भारत 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का कप्तान सलीमा टेटे को बनाया गया है जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर टीम की उप-कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम हैं। चयनित डिफेंडरों में सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री शामिल हैं।

मिडफील्ड में वैष्णवी विठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान और नेहा शामिल हैं, जबकि हमलावर मिडफील्डर सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे हैं। फॉरवर्ड लाइन में दीपिका, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में गोलकीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं।

# संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध महिला की मौत

## परिवार में दो बेटे हैं बड़ा बेटा लन्दन में और छोटा बेटा दिल्ली में परिवार के साथ रहता है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र स्थित नया मुरादाबाद स्थित पसंर्व नाथ प्लाजा में उस समय हड़कंप मच गया जब एक अपार्टमेंट में अकेली रह रही महिला संदिग्ध परिस्थिति में मृत अवस्था में पाई गई / मृत अवस्था में पाई गई महिला अनीता चौधरी पसंर्व नाथ प्लाजा के फ्लैट नम्वर 305 में अकेले रहती थी पड़ोस में रहने वाले लोगों ने जब देखा कि महिला दिखाई नहीं दे रही है तब डायल 112 पर सूचना दी गई साथ ही इस की सूचना मझोला थाना को भी दीं गई मझोला थाना इंस्पेक्टर राम प्रसाद शर्मा मौके पर पहुंचे और कुलदीप गुप्ता जांच करने मौके पर पहुंचे सी ओ कुलदीप गुप्ता द्वारा फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और जांच में जुड़ गए जब बड़ी बेटी मंजुला चौधरी ने अपनी मां से संपर्क करना चाहा तो फोन नहीं उठा तब परिवार वालों कुछ सक हुआ तब आसपास के लोगों से संपर्क किया गया तब पता चला की उनकी मृत्यु हो चुकी है पुलिस द्वारा अपार्टमेंट को सील कर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया फॉरेंसिक टीम ने साक्ष जुटाए इंस्पेक्टर मझोला ने इस की सूचना बड़े बेटे दीपक चौधरी को देकर साक्ष जुटाए और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृत अनीता चौधरी का पैतृक गांव मोडा तैया बताया जा रहा है इनकी उम्र लगभग 70 वर्ष बताइ है इनके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है बड़ा बेटा अपने परिवार के साथ लंदन में रहता है छोटा बेटा अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहता है एक बड़ी बहन है जो अपने ससुराल नोयडा में रहती है इनके पिता सतपाल सिंह चौधरी पहले ही एक सड़क हादसे मे खतम हो चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है।की महिला की मौत किसी लंबी बीमारी के कारण हुई हैं। सी ओ कुलदीप गुप्ता ने कहा बाकी पोस्टमार्टम के बाद साफ हो पाएगा महिला की मौत किस कारण हुई। सीओ ने बताया कि पूछताछ में लोगों ने बताया कि जब कल शाम महिला को आखिरी बार फ्लेट के सामने देखा गया था। ओर सुबह से जब फ्लेट का दरवाजा नही खुला तब उन्हें शक हुआ तो इस की सूचना पुलिस को दी गई थी।



# पुलिस की गोकशी के आरोपी के साथ मुठभेड़

## पैर में गोली लगने के बाद एक आरोपी गिरफ्तार, एक मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी/मैनाठेर।** थाना मैनाठेर क्षेत्र के जंगल में पुलिस व एस ओ जी टीम ने गोकशी के दो आरो. पियों से मुठभेड़ होने का दावा किया है। मामला सोमवार सुबह तड़के का बताया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक देहात देहात आकाश सिंह ने बताया कि, सोमवार तड़के थाना मैनाठेर पुलिस को सूचना मिली के थाना क्षेत्र के जंगल में गो. कशी के आरोपी घटना को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना के बाद एसआ. जी टीम व पुलिस ने मिलकर चेकिंग शुरू कर दनी थाना क्षेत्र के लालपुर गंगावारी के जंगल में चेकिंग के दौरान दो अज्ञात लोग बाइक पर सवार आते हुए दिखाई दिए पुलिस टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए उन पर गोली चलादी जिस पर एक आरोपी के पैर में गोली लगी और वह वहीं पर गिर गया। दूसरा आरोपी उतर भागने में कामयाब हो गया। घायल आरोपी थाना पाकबड़ा क्षेत्र का निवासी है जिसका नाम शानू उर्फ शाहनवाज है। उसके ऊपर विभिन्न थानों में गोकशी के पांच मुकदमे दर्ज हैं। घायल शाहनवाज को कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर दिया गया है। जहां पर उसका उपचार चल रहा है। शाहनवाज के पास से एक तमंचा व बाइक जिंदा कारतूस और गोकशी करने के उपकरण पुलिस ने बरामद होने का दावा किया है। इसके साथ ही फरार हुए दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है और उम्मीद है वह जल्द ही पकड़ा जाएगा।



# मालगोदाम रोड पर कब्रिस्तान के सामने से धीरे-धीरे मिट्टी हुई गायब

**चन्दौसी।** पिछले 06 माह से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने पर जोर दिया गया। बदायूं चुंगी, पावरहाउस, तहसील चौराहा, बदायूं रोड, शक्तिनगर, फुब्बारा चौक आदि स्थानों से एसडीएम विनय मिश्रा द्वारा अतिक्रमण हटाया गया। बदायूं चुंगी पर दुकानें तोड़ी गईं, आनन-फानन में हाईवे के किनारे स्थित मंदिरों की दीवारों को हटाया गया जिससे लोगों को लगा कि पारदर्शिता के साथ अतिक्रमण हटाया जा रहा है। सिपाही लाल पेट्रोल पंप के सामने कब्रिस्तान के बराबर में सड़क चौड़ीकरण के लिए मिट्टी डलवायी गयी एवं राजस्वकर्मियों की मौजूदगी में नपत कराकर रस्सी डाली गयी परंतु अब कब्रिस्तान के पास से मिट्टी के ढेर धीरे-धीरे गायब हो चुके हैं। साथ ही कब्रिस्तान के बराबर स्थित निर्माण का गेट भी सड़क के किनारे है। वहीं जारई गेट की ओर जाने वाले रोड पर शायद ही ऐसी कोई दुकान होगी जिसके सामने अतिक्रमण नहीं हो रखा हो। यदि कब्रिस्तान से चला जाये तो जारई गेट होते हुए फुब्बारा चौक तक आयें जाम के कारण घंटों लग जाते हैं। दुकानदारों द्वारा जमकर अतिक्रमण किया गया। लोगों को कहना है कि शहर में प्रवेश व निकास का मालगोदाम रोड मुख्य मार्ग है जहां से अतिक्रमण हटना अति आवश्यक है।



# भगवान बुद्ध शांति करुणा और सच्चाई का प्रकाश फैलाते रहेः जयवीर यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर बुद्ध पूर्णिमा एवं भगवान गौतम बुद्ध की जयंती पर आयोजित गोष्ठी मे भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपक जलाकर उनकी आरती उतारी गई। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की संचालन जिला प्रवक्ता धर्मेंद्र यादव ने किया। अध्यक्षता करते हुये जिलाध्यक्ष जयवीर यादव नेता कहाँ भगवान गौतम बुद्ध और उनका जीवन के विचार समय-समय पर लोगों के जीवन में शांति, करुणा और सच्चाई का प्रकाश फैलाते रहे हैं और आज भी उनका उपदेश केवल आत्मिक विकास का मार्ग दिखाते हैं, बल्कि जीवन की कठिनाइयों में भी संयम और समझ का मार्ग प्रदान करते हैं। ऐसे में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर महात्मा बुद्ध के उन उपदेशों को हम सभी को स्मरण कर उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। लाखन सिंह सैनी ने कहा बुद्ध पूर्णिमा का दिन भगवान गौतम बुद्ध की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो सत्य, करुणा और अहिंसा के प्रतीक माने जाते हैं। उनके जीवन और विचारों ने न केवल बौद्ध धर्म को आकार दिया, बल्कि पूरी मानवता को आत्मज्ञान और शांति का मार्ग दिखाया। वैशाख माह के पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। भगवान बुद्ध को श्रीहरि विष्णु का नौवां और आखिरी अवतार माना गया है। इस विशेष दिन को बुद्ध पूर्णिमा और बुद्ध जयंती के नाम से जाना जाता है। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, लाखन सिंह सैनी, ब्रजलाल जाटव, वी के सैनी, धर्मेंद्र यादव, नागभारती, वेद प्रकाश सैनी, जय कुमार प्रजापति, महेंद्र पाल सिंह, नौ रतन सिंह,प्रेमबाबू बाल्मीकि, योगेन्द्र यादव, अशोक सैनी, कुलद. ीप यादव, अतिकुरहमान, सुरेंद्र शर्मा,दीवांशु सागर,प्रवीण सैनी, मो आरिफ, संजीव कुमार, परमानंद, राहत खान, नरेश गुप्ता, मो इल्यास, कपिल ठाकुर, आदि मुख्य रूप मौजूद थे।




# शक्तिनगर में नाला कहीं सीधा, तो कहीं टेढ़ा

● शक्ति के हिसाब से बनाया गया टेढ़ा-मेढ़ा नाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शक्तिनगर को वास्तविक स्वरुप में लाने के लिए अतिक्रमण हटाने के शक्तिकेन्द्र एसडीएम विनय मिश्रा ने छः माह पूर्व नगरपालिका एवं राजस्व टीम को साथ लेकर निशान लगवाये थे। लोगों को उम्मीद जगी थी कि पारदर्शिता के साथ शक्तिनगर में अतिक्रमण हटेगा परंतु कुछ समय उपरांत एसडीएम की महाकुंभ मेले में ड्यूटी लग गई जिससे अतिक्रमण करने वाले प्रसन्न हो गये परंतु अब पुनः एसडीएम विनय मिश्रा वापिस आ गये। अब अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप है क्योंकि उनके जाने के बाद शक्तिनगर में जिसकी जितनी शक्ति थी उसी हिसाब से नाला टेड़ा मेड़ा कर दिया गया। यानि जो निशान लगाये गये थे, उनको अपने शक्ति के अनुसार हटाकर ठेकेदार से आनन-फानन में नाला तैयार करा दिया गया। इधर एसडीएम विनय मिश्रा के आने के बाद जब शिक्तनगर पहुंचे तो नाले की स्थिति देखकर भौंचक्के रह गये। नगरपालिका ने जैसा बनाने का आदेश दिया, उसने वैसा ही बना डाला। आखिर एसडीएम ने जैसा प्लान बनाया था कि अतिक्रमण हटने से सड़कें चौड़ी होंगी परंतु अब न्यायालय तक कहीं सड़क चौड़ी है तो कहीं संकीर्ण और नाला टेढ़ी-मेढ़ी आकृति में बन रहा है क्योंकि यूनियन बैंक भी नहीं हटी है। इधर न्यायालय की दीवार से सटाकर नाला निर्माण किया जा चुका है। फिलहाल एसडीएम जिस सख्ती के साथ पहले अतिक्रमण हटाने को तत्पर रहते थे, समय को देखते हुए परिवर्तन हो गया है। शहरवासियों का मानना है कि वह निष्पक्ष रुप से अतिक्रमण को हटाने में कटिबद्ध थे परंतु शक्तिनगर में ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है।



# साक्षी सेवा समिति ने मनाया मातृ दिवस

**चन्दौसी।** साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साक्षी सेवा समिति की अध्यक्ष रंजना शर्मा शर्मा, आशा सारस्वत, सीता अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। रंजना शर्मा ने मां को समर्पित करते हुए बताया कि मां बहुत ही प्यारा और सुंदर सा शब्द, मां वो होती हैं जो अपने बच्चों को दुनिया से 09 महीने पहले से जानती हैं। एक वही होती हैं जो आपको निस्वार्थ भाव से प्यार करती हैं। मां के लालन पोषण का ऋण कोई भी व्यक्ति नहीं चुका सकता लेकिन अपनी मां को कुछ समय देकर उनकी देखभाल करके, उनके साथ बैठकर, उनकी इच्छाओं को जानकर पूरा करने का प्रयास करके हर व्यक्ति अपनी मां को खुश रख सकता है। मातृ दिवस को विशेष बनाने के लिए साक्षी चंदौसी स्टार परिवार की अध्यक्ष रेनू शर्मा, कार्यक्रम संयोजिका दयमंती सिंह, सचिव बबिता बिंदल, कोषाध्यक्ष विजयलक्ष्मी यादव ने अपनी टीम के साथ मिलकर स्टार की समस्त सदस्यों की सास मां पुष्पा देवी, नीरू गुप्ता, छवि रस्तौगी, माया शर्मा, जयश्री, रेनू शर्मा अन्य सदस्य गण सुधा शर्मा, मीरा दुबे, मनी पोरवाल, इंद्रेश शर्मा, सुनीता शर्मा, सला. ेनी रस्तौगी, निधि गुप्ता, आरोही शर्मा, गीतांजलि मदान, शालिनी गोयल, वर्षा सिंधी, रानी शर्मा, क्षमा शर्मा, दयमंती सिंह, वंशिका उपाध्याय जान्हवी, मल्लिका, मास्टर रुद्र को पटका पहनाकर ओर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेनू शर्मा ने की व संचालन बबिता बिंदल ने किया।




## एक नजर

### अवैध पार्किंग पर अब भारी भरकम जुर्माना लगाने के निर्देश

**कांठ।** नगर निकाय के अधिकारियों से गठजोड़ करके शहरों में अब मनमाने तरीके से अवैध पार्किंग का धंधा नहीं चल पाएगा। पार्किंग के लिए जारी नई नियमावली में अवैध पार्किंग के धंधे पर तगड़ा जुर्माना लगाने की व्यवस्था की गई है। निकाय सीमा क्षेत्र में अवैध रूप से पार्किंग ठेका चलाने वालों को अब न्यूनतम 5000 रुपये तक का जुर्माना भरना होगा।बतादें कि प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद नगर विकास विभाग ने शहरी क्षेत्रों में वाहनों की पार्किंग के लिए नई नियमावली जारी की है। पहले चरण में नगर निगम वाले शहरों में इस नियमावली को लागू किया गया है। इसमें जहां लोगों को बेहतर पार्किंग की सुविधा देने की व्यवस्था है, वहीं अवैध पार्किंग का धंधा करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए कई प्रावधान भी किए गए हैं। उप्र नगर निगम अधिनियम में दी गई व्यवस्था के आधार पर 5000 रुपये न्यूनतम जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

अवैध पार्किंग का धंधा करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए किए गए कई प्रावधान इसके लिए नगर आयुक्त को अधिकृत किया गया है। यह भी देखा जाएगा कि अवैध पार्किंग उस जगह पर कितने दिनों से चल रही है। उसको अवैध पार्किंग से कितनी कमाई हुई होगी, इस आधार पर जुर्माना वसूला जाएगा। जरूरत पड़ी तो अवैध पार्किंग चलाने वाले के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। इसके साथ ही लाइसेंस लेकर पार्किंग चलाने वाला यदि नियमों का उल्लंघन करता है और उसका भी लाइसेंस निरस्त किया जाएगा। नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बनी समिति का यह काम होगा कि एक टीम बनाकर शहर में बने पार्किंग स्थलों का भ्रमण कराए। इस दौरान आम लोगों से फीड बैक भी लिया जाएगा।

### ग्राम विकास बैंक में ऋण वसूली से जुड़ेगा वेतन भुगतान

**कांठ।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं मिलने से आक्रोश हैं। वेतन भुगतान को ऋण वसूली व्यवसाय से जोड़ने के प्रस्ताव पर 13 मई को बैंक प्रबंध समिति की बैठक बुलाई गई है। बैठक में इस प्रस्ताव का स्वीकृत होना तय माना जा रहा है। इस प्रस्ताव के विरोध में बैंक कर्मियों ने सभी शाखाओं में 13 मई को काला दिवस मनाने की घोषणा कर दी है।उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री मो. आसिफ जमाल के मुताबिक 13 मई को बैंक की सभी 323 शाखाओं में कर्मचारियों द्वारा काला दिवस मनाया जाएगा। काला दिवस कार्यक्रम में सभी संगठन शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। 500 से अधिक कर्मचारी ऐसे हैं जिन्हें पिछले चार माह से वेतन नहीं दिया गया है।

### युवक को सांप ने डसा

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर के गांव गुमथल निवासी बंटी को ई-रिक्शा की दुकान पर सांप ने दंश मार दिया। युवक ने अपने दुकान को मालिक को अवगत कराया। साथ ही जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर आ गए और युवक को झांड़-फूंक के लिए ले गए जहां हालत में सुधार न होने पर परिजनयुवक को सीएचसी चन्दौसी लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने युवक को घर भेज दिया। चिकित्सक डा0 हरवेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक की खून की जांच कराई गई थी, जांच के बाद जानक. ारी हुई कि जिस सांप ने युवक को काटा था वह जहरीला नहीं था।

### मानवाधिकार संघ ने की बैठक

**चन्दौसी।** रविवार को मानवाधिकार संघ द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जहां उपस्थित सभी लोगों नें संस्था द्वारा किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने विचारों से अवगत कराया। साथ ही भारत की सेना द्वारा किये गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व व सेना के अदम्य साहस को सराहा। दिनेश पाल सिंह दिलकश व सुखपाल सिंह गौर ने वीर रस से परिपूर्ण देश भक्ति के काव्य पाठ के माध्यम से देश की सेना के पराक्रम की प्रशंशा की। इस दौरान पवन अग्रवाल, अश्वनी कुमार, त्रिमोहन सिंह यादव, डा0 दीपचंद अग्रवाल, राजू बनर्जी, संजीव कुमार सिंह, डी.के. अग्निहोत्री, जगदीश राणा, प्रदीप कुमार चौहान, कृष्णगोपाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूं नदारद

**चन्दौसी।** अप्रैल-मई माह में किसान गेहूं उठाकर मंडी लाता था जहां पल्लेदारों से लेकर ठेकेदारों को रोजगार मिलता था पर वर्तमान समय में सरकारी क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। अनाज का व्यापार करने वालों की बात पर यकीन करें तो इस बार गेहूं का उत्पादन तो अधिक हुआ है परंतु रकवा कम है। किसान को उम्मीद है कि पिछले वर्ष की भांति इस बार गेहूं का मूल्य बढ़ेगा। इस कारण किसान ने गेहूं को रोक लिया है। यदि पिछले 03 वर्षों की बात करें तो मंडी में गेहूं की आवक लगातार कम हो रही है। इस बार तो मंडी में केवल आढ़तियों के पास ही गेहूं पहुंच रहा है। जरुरतमंद किसान ही अपने गेहूं को 2400 रु0 प्रति कुंतल बेच रहे हैं। इस बार पल्लेदारों से लेकर ट्रांसपोर्ट के रोजगार की भी कमी है। आढ़तियों के अनुसार, अब आने वाले समय में मक्का की आवक की उम्मीद है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**चन्दौसी।** सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर में शोभायात्रा निक. ाली गई है। शोभायात्रा का शुभारंभ धम्म विमल ने बुद्ध वंदना कराकर व फीता काटकर किया। शोभायात्रा में बैण्ड बाजे भगवान बुद्ध की महिमा का गुणगान करते चल रहे थे। साथ ही मुख्य झांकी महाबौधी बुद्ध बिहार मंदिर की रही। उसके पीछे महान सम्राट अशोक की झांकी तथा बुद्ध की पीतल की मूर्ति विरा. जमान थी। शोभायात्रा द्वारा नगर में भ्रमण किया गया। शोभयात्रा में सतीश प्रेमी, परमेश्वरलाल सैनी, हेमराज सिंह, नरेश भारती, सतीश भारती, अशोक कुमार एड0, राजाराम, अशोक कुमार मौर्य, रामरुप रुपी, अजब सिंह, अरविंद अंबेडकर, सोहनलाल, पुष्पा बौद्ध, श्यामकली, सुषमा भारती, राजेश कुमार एड0, अशोक कुमार एड0, उदयभान सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुःखदः भारतीय पत्रकारिता जगत में शोक की लहर

## देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.विक्रम राव का निधन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देश के प्रतिष्ठित वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.विक्रम राव का सोमवार को प्रातः लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्री राव के निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक यूपी वर्किंग जनरलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सेट सिद्दीकी यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के मंडल अध्यक्ष शिव शरण सिंह यूपी वर्किंग जनरलिस्ट यूनियन के मुरादाबाद मंडल के अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की समेत कई नेताओं और पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव (80) का सोमवार सुबह लखऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह सांस संबंधी समस्या से पीड़ित थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।डॉ. राव पत्रकारिता के क्षेत्र में दशकों से सक्रिय थे और उन्होंने श्रमजीवी पत्रकारों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाया। उनका जीवन संघर्षशील पत्रकारिता, सिद्धांतनिष्ठ विचारों और निर्भीक लेखनी का पर्याय रहा।मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए एक्स पर कहा कि वरिष्ठ पत्रकार के विक्रम राव जी का निधन अत्यंत दुःखद एवं पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। विक्रम राव गौरवशाली परंपरा के ध्वजवाहक रहे। उनके पिता प्रख्यात संपादक, जानेमाने स्वाधीनता-सेनानी और प्रथम संसद (राज्य सभा) के सदस्य (1952), श्री कोटमराजू रामा राव अपने दौर के अकेले ऐसे पत्रकार थे जो 25 से अधिक दैनिक समाचार पत्रों में कार्यशील रहे। रामा राव के चार पुत्रों में प्रथम, स्व. प्रताप भारतीय विदेश सेवा (IFS) से रिटायर होने पर अमरीका में बस गये। दूसरे, नारायण ने भारतीय आडिट एवं एकाउंट्स सर्विस (A&AS) से रिटायर होकर नई दिल्ली के भारतीय विद्या भवन में ज्योतिष शोध केंद्र को स्थापित किया। बाद में भवन के त्रैमासिक जर्नल आफ एस्ट्रोलोजी के संपादक बनें। तृतीय पुत्र विक्रम लखनऊ में श्रमजीवी पत्रकार रहे। सुभाष सिंडीकेट बैंक में मैनेजर थे। चार पुत्रियों में ज्येष्ठ वसंत तथा कनिष्ठ हेमंत अमरीका में बस गईं। द्वितीय शरद तथा तृतीय शिशिर भारतीय सेना के अधिकारियों से विवाह कर कानपुर तथा हैदराबाद में बसीं। प्रपौत्र विश्वदेव लखनऊ में पत्रकार है। आज विक्रम राव के निधन के साथ एक युग का भी अंत हो गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री राव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की प्रदेश के मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इसको एक अपार क्षति बताया यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने अपने शोक संदेश में कहा कि आज हमने पत्रकारिता का एक मजबूत स्तंभ को दिया यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिव शरण ने कहा कि यह पत्रकारिता जगत के लिए अपार क्षति है। इसकी भरपाई कर पाना बहुत मुश्किल है मुरादाबाद के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने श्री राव के निधन पर कहां की आज हमने पत्रकारिता जगत का एक ऐसा स्तंभ को दिया जो हमेशा पत्रकारों की आवाज को बुलंद करते थे। वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. विक्रम राव के निधन पर यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष रईस शेख अनिल गर्ग राजीव सक्सेना रामेंद्र कुमार गुप्ता नईम अहमद शाहिद हुसैन सोनू अरोड़ा नफीस अहमद आजादर अली मोहम्मद शावेज अंसारी भूर अली नजाकत अली तमीम अहमद नसीमी नाजिम हुसैन मंसूरी मोहम्मद परवेज खान भूरे अली मोहम्मद नासिर तुर्की मोहसिन अंसारी मोहम्मद आसिफ रामपाल सिंह मोहम्मद नसरुद्दीन एडवोकेट विरासत चौधरी मोहम्मद वाजिद डॉक्टर बाबू सिंह मेहताब नवी रईस अहमद अमित कुमार सैनी जाबिर हुसैन मोहम्मद रूषण तुर्की शारिक अली अली मिर्जा जिया मोहम्मद फैजान अली खान मोहम्मद मोहसिन मोहम्मद जफर अली मेराज आलम मोहम्मद इमरान मोहम्मद मोहसिन जाकिर हुसैन रिजवान राजा नकी अहमद रियासत अली आस मोहम्मद मोहम्मद मोहसिन मोहम्मद सलमान कमर फारूक कमल चौधरी आसिम खान सैयद जावेद अली सलमान खान मोहम्मद दानिश साजिद वारसी नाजिम उद्दीन मुर्तुजा इकबाल मोहम्मद आसिफ सैफी नईम अहमद आजादर अली शाहरुख हुसैन नजाकत अली मुशाहिद हुसैन जफर हुसैन अब्दुल रहीम मोहसिन नकवी सतीश चौधरी, राजीव सक्सेना, अनिल गर्ग, नफीस अहमद जाकिर हुसैन मोहसिन सिद्दीकी आदि ने शोक व्यक्त किया।



# पीएम का संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सायं आठ बजे देश की जनता को सीधे संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान को सीधे आतंकवाद को लेकर ललकारा साथ ही अपनी सेना को इस बात के लिए बधाई दी कि उन्होंने अपने काम को बहुत ही बेहत तरीके से अंजाम दिया। आतंकवाद के विरुद्ध चलाए ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने महिलाओं के प्रति समर्पित करते हुए कहा कि जो भी हमारी महिलाओं के सिंदूर के साथ खिलवाड़ करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन रुकने वाला नहीं है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देता रहेगा सिंदूर ऑपरेशन जारी रहेगा। छह-सात मई की रात हमारी भारतीय सेना ने जिस तरह सीमापार जाकर पाक के आतंकियों को धूल चटाई और उनके तमाम ठिकाने ध्वस्त किए जिनमें 100 आतंकियों की जान चली गई। यह देश और दुनिया को बताने के लिए काफी है कि भारत अब चुप रहने वाला नहीं है। उन्होंने सीधे विश्व समुदाय को आह्वान करते हुए यह कहकर चेताया कि कश्मीर पर जब भी बात होगी तो वह उस कश्मीर पर बात होगी जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। जाहिर है वह एक तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान को खारिज कर रहे थे जो उन्होंने सीजफायर की घोषणा करते हुए कहा था कि वह कश्मीर के विवाद को सुलझाने के लिए सहयोग देने के लिए तैयार है। जाहिर है यह भारत का स्टैंड नहीं है भारत हमेशा से कहता रहा है कि वह कश्मीर को लेकर तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। भारत-पाक के बीच बातचीत को लेकर उन्होंने दो टूक कहा ट्रेड और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ जारी नहीं रह सकते। मतलब साफ है यह पाकिस्तान के लिए सीधी चेतावनी है कि वह अगर भारत के साथ बातचीत करना चाहता है। तो उसे आतंकवाद की फैक्ट्री बंद करनी ही होगी। उन्होंने भारत में निर्मित रक्षा उपकरणों का भी जिक्र किया और कहा कि उनकी सटीकता के चलते ही पाक घुटनों पर आया और दुनिया से सीजफायर के लिए गुहार लगाता रहा। उन्होंने भारत के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने याद दिलाया कि शांति का रास्ता भी शक्ति के माध्यम से निकलता है इसलिए भारत का मजबूत होना भी बेहद आवश्यक है और भारत इस पर बेहतर तरीके से काम कर रहा है। जिस तरह सीजफायर हुआ उसको लेकर देश के भीतर कई तरह की बाते चल रही है। कुछ लोग इसके पक्ष में दिखाई दे रहे थे तो ऐसे लोगों की कमी भी नहीं जो कह रहे थे कि भारत को सीजफायर पर पाक को पूरी तरह सबक सिखाए बिना सहमत नहीं होना चाहिए था। इन तमाम बातों का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लिया। अपने लगभग 22 मिनट के संबोधन में देशवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि देश सुरक्षित हाथों में है।

## देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे



मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए, देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, , बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें, वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभाएं, देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

**तारिक अनवर , सांसद**
**अध्यक्ष , अखिल भारतीय कौमी तंजीम**

# कोहली का टेस्ट सन्यास: क्रिकेट के सबसे महान अध्यायों में से एक




भारतीय क्रिकेट के महान इतिहास में विराट कोहली का नाम ऐसे चमकता है जैसे कोई सितारा। पिछले चौदह वर्षों में कोहली ने एक ऐसी धरोहर बनाई है, जो न केवल उनके अभूतपूर्व आंकड़ों के लिए बल्कि खेल के प्रति उनकी जुनून, तीव्रता और नेतृत्व क्षमता के लिए भी याद रखी जाएगी। जैसे ही वे टेस्ट क्रिकेट से विदा लेते हैं, यह केवल एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि क्रिकेट के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो आने वाली पीढ़ियों तक चर्चा का विषय रहेगा। विराट कोहली, जिन्हें आधुनिक क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने 21वीं सदी में क्रिकेट खेलने का



तरीका ही बदल दिया। उनके आक्रामक बल्लेबाजी, प्रेरणादायक नेतृत्व और खेल के प्रति निष्ठा ने क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की वह प्रक्रिया है, जहां टीम की मानसिकता, दृष्टिकोण और दृष्टि उनके नेतृत्व में विकसित हुई।

### संक्रमण के दौर में एक पथप्रदर्शक

जब विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वे क्रिकेट की दुनिया में इतनी बड़ी छाप छोड़ेंगे। उस समय भारत क्रिकेट के एक संक्रमण काल से गुजर रहा था। दिग्गज खिलाड़ी जैसे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के संन्यास के बाद भारत को एक नए नेता की आवश्यकता थी, और कोहली ने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया। कोहली का क्रिकेट में प्रवेश आक्रामकता और सफलता की इच्छा से भरा था। पहले के खिलाड़ियों की तुलना में जो अधिक संयमित और नियंत्रित थे, कोहली का खेल तरीका एकदम अलग था। उन्होंने क्रिकेट के नियमों को तोड़ा और अपने आक्रामक खेल, फिटनेस के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की आकांक्षा से भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। जल्दी ही भारतीय टीम फिटनेस और आक्रामकता के एक नए युग का प्रतीक बन गई और कोहली इस बदलाव के सिरमौर थे।

### टेस्ट क्रिकेट में

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में रिकॉर्ड स्वयं में एक मिसाल है। 27 टेस्ट शतक के साथ, वे वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। भारत के लिए, वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 8,000 से अधिक टेस्ट रन और अद्वितीय औसत के साथ, उन्होंने क्रिकेट के इस सबसे कठिन प्रारूप में खुद को साबित किया है। लेकिन कोहली की महानता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि इस बात में भी है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को कैसे पुन: परिभाषित किया। उस दौर में जब तेज गेंदबाज और चुनौतीपूर्ण पिचें अक्सर प्रमुख रहती थीं, कोहली ने बिना किसी डर के अपने कौशल का परिचय दिया। चाहे इंग्लैंड की स्विंग करती पिचें हो या भारत की स्पिनिंग पिचें, कोहली ने हर चुनौती का सामना किया। उनकी यात्रा 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंची, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद खुद को और बेहतर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया और अब वे टेस्ट क्रिकेट के सबसे सशक्त बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। कोहली ने न केवल रन बनाए, बल्कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

### नेतृत्व: मैदान पर और मैदान के बाहर एक क्रांति

कोहली का व्यक्तिगत प्रदर्शन भले ही अद्वितीय हो, लेकिन उनका नेतृत्व ही उनकी असली धरोहर है। 2017 में, कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली और महेन्द्र सिंह धोनी से यह जिम्मेदारी ली। कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत और सफल टीम के रूप में पहचान बनाई। उनकी कप्तानी में भारत ने प्ब्ब टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान लंबे समय तक बरकरार रखा।

कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्ट इंडीज की धरती हो। उनका नेतृत्व न केवल रणनीतिक था, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में व्यक्तिगत जिम्मेदारी और जवाबदेही का भी माहौल बनाया। कोहली का नेतृत्व भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक लेकर गया।

### टेस्ट क्रिकेट: कोहली की कठोरता की पहचान

टेस्ट क्रिकेट का असली उद्देश्य धैर्य, तकनीक और मानसिकता की परीक्षा लेना है। यह एक खिलाड़ी की चरित्र की वास्तविक परीक्षा होती है। कोहली ने बार-बार यह साबित किया कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में सफल होने की सारी क्षमताएं हैं। उनका समर्पण इस प्रारूप के प्रति हमेशा स्पष्ट था। कुछ क्रिकेटर जहां टी20 लीग और वनडे क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, वहीं कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी। इस खेल में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती थी कि भारत हमेशा एक मजबूत बल्लेबाज के साथ मैदान में उतरे।

कोहली के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक उनकी कठिन परिस्थितियों में बनाए गए शतक हैं। 2014 में एडिलेड में उनका शतक एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां उन्होंने भारतीय टीम की गिरावट के बीच अपनी अद्वितीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके शतक उनके टेस्ट क्रिकेट में अपार योगदान को दर्शाते हैं। लेकिन यह सिर्फ रन बनाने की बात नहीं थी। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में भी बदलाव किया। उनका मानना था कि टेस्ट क्रिकेट को उत्साह और उद्देश्य के साथ खेलना चाहिए। उनका मानसिकता हमेशा यह थी कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सबसे शुद्ध रूप है, और उनका लक्ष्य था कि वे इसमें जितना हो सके योगदान दें। यही कारण है कि जब वे अपने टेस्ट करियर से विदाई ले रहे हैं, तो यह उनके खेल के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।

### कोहली का प्रभाव: आंकड़ों से कहीं बढ़कर

जब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे हैं, तो इसे केवल उनके आंकड़ों में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उनका वास्तविक प्रभाव भारतीय क्रिकेट की संस्कृति पर था। जब कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली, तो उन्होंने क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में एक क्रांति ला दी। उनकी फिटनेस पर जोर, कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता और हर छोटी-से-छोटी बात पर ध्यान देने का तरीका यह दर्शाता है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनका प्रभाव भारतीय क्रिकेट की युवा पीढ़ी पर गहरा था, जो आज भी उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामकता से प्रेरित होकर खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, बल्कि एक ब्रांड, एक आदर्श और खेल के प्रति एक मिशन के प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि केवल अच्छा क्रिकेट खेलने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि आपको समर्पित, केंद्रित और महानता की ओर लगातार बढ़ते रहना पड़ता है। उनका मानसिक धैर्य और कार्य नैतिकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए मानक बन गया है।

### एक महानता को अलविदा

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। उनके योगदान, उनके नेतृत्व और उनके खेल के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। कोहली के संन्यास के बाद, क्रिकेट की दुनिया उनकी आक्रामकता, उनकी तीव्रता और उनकी शानदार क्रिकेट बुद्धिमत्ता को याद करेगी। लेकिन जो कुछ भी बचा रहेगा, वह यह है कि एक खिलाड़ी ने केवल अपने रन ही नहीं बनाए, बल्कि भारतीय क्रिकेट को एक नई पहचान दी। कोहली ने जो काम किया, वह न केवल आंकड़ों में है, बल्कि उस भावना में है जिसे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में डाला। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत का नाम टेस्ट क्रिकेट में हमेशा सबसे ऊपर रहे।

# ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वज़न कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है।

जी हां, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ओट्स हेल्दी होते हैं, लेकिन जब रोज़ाना एक ही चीज़ खाई जाए, जिसमें ना कोई वैरायटी, ना बैलेंस, तो उसका उल्टा असर भी हो सकता है। ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो मिनरल्स को ठीक से अब्ज़ॉर्ब नहीं होने देता। इसके अलावा ओट्स में प्रोटीन कम होता है, जिससे आपको जल्दी भूख लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हर दिन ओट्स खाने से आपको क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं।



### मील हो जाता है बोरिंग

अगर हम रोज़ एक ही चीज़ खाते हैं, चाहे वो कितनी भी हेल्दी हो, तो शरीर उसमें से सिर्फ कुछ ही पोषक तत्व ले पाता है। साथ ही, हर दिन एक जैसा स्वाद मिलने की वजह से तरह-तरह की फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कुछ टेस्टी मतलब तला-भुना या मीठा खाने का मन करता है। इससे कहीं ना कहीं आप अपने गोल्स से भटकने लगते हैं।

### फाइटिक एसिड से होता है नुकसान

ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज़ ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

### प्रोटीन की कमी

आपका नाश्ता ऐसा होना चाहिए, जिसमें मैक्रो न्यूट्रिएंट्स बैलेंस हों। लेकिन ओट्स में प्रोटीन बहुत कम होता है। अगर आप बिना अंडा, पनीर, सीड्स या प्रोटीन पाउडर के ओट्स खा रहे हो, तो ऐसे में आपको नाश्ते में प्रोटीन मिल ही नहीं रहा। इससे होता ये है कि दो घंटे में फिर से भूख लग जाती है और एनर्जी भी लो हो जाती है।

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारत व पाकिस्तान से सीजफायर के बाद कई अनसुलझे प्रश्न बाकी हैं




भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर का ऐलान कर दिया है। बीते कई दिनों से दोनों देशों के बीच भयंकर तनाव चल रहा है। यह तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शुरू हुआ, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। आज भारत के विदेश सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सूचना दी कि दोनों देश अब एक दूसरे पर किसी भी प्रकार का हमला नहीं करेंगे। दोनों देश केवल अमेरिकी मध्यस्थता के कारण युद्धविराम के लिए सहमत हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दोनों देशों को बधाई दी। अमेरिका ने पहले घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम है और बाद में भारत ने इसकी पुष्टि की। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद भारत ने घोषणा की थी कि हवाई, थल और समुद्र से हमले रुक जाएंगे, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की है कि आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

सीजफायर से दोनों देशों पर हमले रुकेंगे और फायरिंग, ड्रोन और मिसाइलों का प्रवाह रुकेगा, लेकिन क्या पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद नहीं रुकना चाहिए। पहलगाम या पुलवामा में निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों की भयावह हत्याओं को अंजाम देने वाले आतंकवादी सामने आने चाहिए। उन्हें किसने प्रशिक्षित किया, उन्हें हथियार और स्वचालित बंदूकें किसने दीं? उन्हें किसने भेजा? उन्हें किसने कहा कि हिंदू पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने गोली मारकर गोली मार दें और पूछें कि उनका धर्म क्या है? नरसंहार के बाद उन्हें किसने छिपाया? किसने उनकी रक्षा की? क्या युद्धविराम के बाद इन सवालों के जवाब मिल पाएंगे? क्या अमेरिका पाकिस्तान को इन सवालों के जवाब देने के लिए मजबूर करेगा? क्या सीजफायर से पाकिस्तान में सुधार होगा? इसकी गारंटी कौन देगा? यदि युद्ध कुछ दिन और जारी रहता तो पाकिस्तान भारत की शक्तिशाली और कुशल सेना के सामने फंस जाता। आंतरिक अशांति पाकिस्तान को और विभाजित कर देती। अमेरिका ने दोनों देशों पर युद्धविराम के लिए दबाव डाला। अमेरिका दो दिन पहले कह रहा था कि जब दोनों देशों के बीच तनाव होगा तो हम शामिल नहीं होंगे, तो अचानक क्या हुआ? युद्धविराम से किसे फायदा होगा? अगर आतंकवाद जारी है तो संघर्ष विराम क्यों, और किसके लिए? पिछले चार दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में प्रवेश किया है और आतंकी शिविरों पर हवाई हमले किए हैं और पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में प्रकृति का आनंद लेने आए 26 पर्यटकों को गोली मार दी, उनसे उनका धर्म पूछा। परिवार की महिलाओं के सामने अपने पतियों की हत्या कर दी। जाके मोदी से कह दो कश्मीर के स्वर्ग में अपने परिवारों के साथ गई महिलाएं अपने पति के शव के साथ अपने घरों को लौट आईं। आतंकी हमले का बदला लेने के लिए, भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने दुनिया को एक संदेश भेजा। नागरिकों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, आतंकवादियों के लिए कोई अच्छा नहीं है। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान और आतंकियों के बीच का रिश्ता कितना करीब है। भारत ने अक्सर दुनिया के सामने सबूत पेश किया है कि पाकिस्तान और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भारत में आतंकवाद के मास्टरमाइंड मसूद अजहर के रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान में वर्दी में पुलिस और सेना के अधिकारी शामिल होते हैं। भारत ने इसकी क्लिप और तस्वीरें दुनिया के सामने पेश की हैं, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आतंकी ब्रिगेड बनाई जाती हैं, भारत में खून-खराबा करने के लिए उन्हें आधुनिक हथियारों के साथ भारत भेजा जाता है और पाकिस्तान की सरकार उनकी रक्षा भी करती है। आतंकवाद ने न केवल भारत को बल्कि दुनिया के अनगिनत देशों को प्रभावित किया है। आम लोग शांतिपूर्ण जीवन जीना पसंद करते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद ने भारत में शांति और दैनिक जीवन को बार-बार दागदार किया है। पाकिस्तान उन आतंकवादियों को पसंद करता है जो भारत जाते हैं और बम विस्फोट, रक्तपात और नरसंहार करते हैं। जिनके माता-पिता, जिनके बच्चे, जिनके रिश्तेदार, उनके कुछ पड़ोसी आतंकवाद के शिकार हुए हैं। आतंकवादियों ने बंदूकें उठा ली हैं और भारत में अनगिनत महिलाओं की खोपड़ियां मिटा दी हैं।

लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद उन लोगों में से थे जिन्होंने भारत पर आतंकवादी हमले किए थे। आतंकवादियों ने 13 दिसम्बर, 2001 को भारत के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र दिल्ली में संसद भवन पर हमला किया। आतंकवादियों ने 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला किया। 26 नवम्बर, 2008 को आतंकवादी समुद्र के रास्ते मुंबई आए और हमले को अंजाम दिया। बम विस्फोटों में 166 निर्दोष लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हो गए। मुंबई पुलिस अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में कामयाब रही। उन्होंने पाकिस्तान में ही आतंकवाद की ट्रेनिंग ली थी। भारत ने उसे दुनिया को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे के रूप में दिखाया।



**भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए**

## सीमाओं की शेरनियां

**वे उठीं जब घने अंधेरों से,**
**ध्वंस की छाया से, मरुस्थल की लहरों से,**
**हरकण में थी बिजली की चमक,**
**हर सांस में था गर्जन का तड़प।**

**सरहदों की सलाखों पर बसी,**
**उनकी आंखों में बसी थी ध्रुव तारा की रोशनी,**
**उनके कदमों में बंधी थी,**
**धरती की धड़कन, पर्वतों की अटलता।**

**वे बसीं उस कोहरे में,**
**जहां दुश्मन की सांसें कांपें,**
**जहां बारूदी सुरंगें भी बिछ जाएं,**
**उनके हौसलों के आगे।**

**रक्त से सींचा है जिन्होंने इतिहास,**
**वो लहरें बनीं अभेद्य दुर्ग,**
**नरम दिलों में फौलाद उगा कर,**
**हर बार खड़ी हैं वे, एक नई परिभाषा।**

**सीमाओं की शेरनियां हैं वे,**
**धरती की हिम्मत, आसमान की ऊंचाई,**
**हर बार लिखेंगी वे नया इतिहास,**
**जब तक सांस है, जब तक तिरंगा है।**



# अमेरिका-चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

## 115 प्रतिशत टैरिफ घटाया, अब यूएस 30 और चीन 10 प्रतिशत टैरिफ एक दूसरे पर लगाएंगे

**जेनेवा।** अमेरिका और चीन के बीच जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत कटौती का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई है। जिनेवा में दो दिनों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है। चीन के साथ चल रहे ट्रेड वार के बीच इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी जीत माना जा रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जेमीसन ग्रीर ने ट्रेड डील को लेकर हुई बातचीत के बाद मीडिया से बातचीत की। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा-यह घाटा कम करने के लिए अच्छी डील व्हाइट हाउस ने 11 मई को एक बयान में चीन व्यापार समझौते की घोषणा की थी। हालांकि व्हाइट हाउस ने तब इसकी डिटेल नहीं दी थी। चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लीफेंग ने कहा था कि जिनेवा में सोमवार को एक जाइंट स्टेटमेंट जारी किया जाएगा। वहीं, उप वाणिज्य मंत्री ली चेंगगैंग ने कहा कि इसमें दुनिया के लिए अच्छी खबर होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे व्यापार घाटा कम करने के लिए एक डील बताया, जबकि चीनी अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अहम सहमति बनी है और नए सिरे से आर्थिक बातचीत शुरू करने पर सहमति हुई है। पिछले महीने ट्रम्प ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए थे, जिसके बदले चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया था। जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सालाना 600 अरब डॉलर का व्यापार लगभग रुक गया था। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने पत्रकारों को बताया, दोनों पक्ष बहुत जल्दी एक समझौते पर पहुंच पाए, इससे पता चलता है कि शायद मतभेद उतने बड़े नहीं थे जितना पहले सोचा जा रहा था। हालांकि, इन दो दिनों की बात. चीत से पहले काफी तैयारी की गई थी।



## अमेरिका-चीन के बीच शुल्क कटौती भारत के लिए अवसर

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने कहा है कि चीन और अमेरिका द्वारा हाल ही में एक-दूसरे की वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती के प्रस्ताव को दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के क्षेत्र में तनाव में महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है। फियो इसमें भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों देख रहा है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर आयात-शुल्क 90 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने और चीन पर अमे. रिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर टैरिफ को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने का पारस्परिक प्रस्ताव, दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव में महत्वपूर्ण कमी दर्शाता है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने माना कि हालांकि इस तरह के घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए मोटे तौर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों चीन-अमे. रिका के इन फैसलों से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमे. रिका-चीन द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे तीसरे बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, जहां भारत ने हाल ही में अमेरिका-चीन व्यापार व्यवधानों का लाभ उठाकर अपनी पैठ बनाई है। हालांकि, भारत इस बदलाव का लाभ फार्मास्युटिकल एपीआई, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, कार्बनिक रसायन और आईटी-सक्षम सेवा जैसे उन क्षेत्रों में निर्यात को मजबूत करने के लिए उठा सकता है, जो अमेरिका-चीन व्यापार से अपेक्षाकृत अछूते हैं। फियो अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि भारत को अपनी तरजीही व्यापार पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साथ गंभीरता से बातचीत करनी चाहिए, तथा एक विश्वसनीय वैकल्पिक स्रोत गंतव्य के रूप में अपनी भूमिका पर जोर देना चाहिए। रल्हन ने कहा कि टैरिफ कटौती की अस्थाई प्रकृति के कारण कंपनियां मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के तहत भारत में विनिर्माण का विस्तार करके भविष्य की अस्थिरता से बचाव कर सकती हैं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो घटकों और वस्त्रों में। उन्होंने कहा कि फियो इस उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा, तथा भारत के व्यापार हितों की रक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## चीन में भूकंप के तेज झटके

**ल्हासा।** दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में ल्हाजे काउंटी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह 5:11 बजे महसूस किए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

भूकंप का केंद्र 28.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। काउंटी के स्थानीय अधिका. रियों ने न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया, जिससे कुछ निवासी जाग गए। भूकंप के बाद काउंटी ने तुरंत प्रतिक्रिया उपाय शुरू किए, इसके टाउनशिप ने प्रभाव का आकलन किया। काउंटी से अग्निशमन और बचाव दल को भूकंप के केंद्र पर भेज दिया गया है।

जांच-पड़ताल



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अदुल्ला हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी के बाद प्रभावित लोगों की स्थिति का आकलन करने के लिए पुंछ पहुंचे।

# भारत-पाक के बीच खतरा अभी टला नहीं

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक चला संघर्ष 10 मई की शाम 5 बजे थम गया। अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर दोनों के बीच सीजफायर की घोषणा की। इसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों की तरफ इसकी पुष्टि की गई। 4 दिनों तक चले संघर्ष के बाद हुए इस सीजफायर पर लेकर दुनियाभर की मीडिया का रिएक्शन भी आया। अमे. रिका मीडिया ने सीजफायर के लिए ट्रम्प को क्रेडिट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरी तरफ कुछ अखबारों ने सीजफायर के बाद भी खतरे की आशंका जताई। न्यूयार्क टाइम्स ने सीजफायर पर रिएक्शन देते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान के बीच खतरा अभी टला नहीं है। एलवाईटी के मुताबिक आने वाले समय में ऐसे और भी संघर्ष हो सकते हैं। भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन इस संघर्ष में बहुत कुछ नया था। नई मिलिट्री टेक्नोलाजी ने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। पहली बार दोनों के संघर्ष में सैकड़ों हथियारबंद ड्रोन भी शामिल हुए। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि अमेरिका ने भारत-पाक में संघर्ष विराम कराने में मदद की, लेकिन पूछा कि क्या यह टिक पाएगा। चार रात तक भारत और पाकिस्तान के प्रमुख शहरों के आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते रहे। परमाणु हथियार से संपन्न पड़ोसी देश पूरी तरह युद्ध की तरफ बढ़ रहे थे। फिर अचानक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्षविराम की घोषणा कर दी। सीएनएन ने लिखा-सबसे भयानक लड़ाई के खत्म होने की उम्मीद जगी, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होता दिख रहा है। दोनों पक्षों ने इस सहमति पर अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसकी वजह से दो परमाणु हथियार वाले देशों के बीच दशकों में हुई सबसे बड़ी रुक गई है। फ्रांसीसी अखबार फ्रांस 24 ने 10 मई की शाम हुए सीजफायर और उसी रात सीजफायर उल्लंघन पर प्रतिक्रिया दी। अखबार ने लिखा कि रात भर चली चली झड़पों के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर जारी है। भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम पर ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अपने विश्लेषण में द गार्जियन ने लिखा कि भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन दशकों विवाद और शत्रुता अभी भी कायम है।



इमरान रजा अपने पिता, बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि देते हुए जिन्होंने जम्मू जिले में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी।

# इजरायल ने फिर किया गाजा में हमला, 16 लोगों की मौत

## आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं हुईं शिकार

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजरायल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले में इजरायली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। बता दें कि, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जा रहे हैं। दो महीने पहले युद्धविराम समाप्त करने के बाद, इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध को और तेज कर रहा है, जहां भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति पर 10 सप्ताह की नाकाबंदी के कारण मानवीय संकट और भी बदतर हो गया है।



## अफगानिस्तान में खदान ढही, तीन की मौत

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को बेशकीमती पत्थरों की एक खदान का एक हिस्सा ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के अधिकारी मोहम्मद कामगर के हवाले से सोमवार को यहां टोलोन्यूज ने बताया कि कल अश्कशिम जिले में बेशकीमती पत्थरों की खदान में काम कर रहे खनिक अचानक खदान का एक हिस्सा ढह जाने से दब गए। इससे तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च के अंत में इसी तरह की एक दुर्घटना में बदख्शां के पड़ोसी तखर प्रांत में दो स्वर्ण खनिकों की जान चली गई थी।

# इजरायल ने यमन बंदरगाहों पर हमले किए

**सना।** इजरायली सेना ने रविवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह प्रांत में तीन बंदरगाहों पर हवाई हमले किए। यमन के विद्रोही समूह हौती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार निकासी की चेता. वनी जारी करने के तुरंत बाद इजरायली सेना की ओर से ए हमले किए गए। हमलों में होदेइदाह, रास इस्सा और अस-सलिफ बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, जो सभी लाल सागर के किनारे स्थित हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि हौती कार्यकर्ता हमलों से पहले ईंधन की खेप प्राप्त करने के लिए बंदरगाहों को तैयार कर रहे थे। हमलों से लगभग 40 मिनट पहले इजरायल ने कथित तौर पर नागरिकों को क्षेत्रों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। इससे पहले दिन में, ब्रिटिश समुद्री व्यापार संचालन ने भी जहाजों को हौती-नियंत्रित बंदरगाहों के पास के जल क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी थी। यह हमला मंगलवार को इजरायली हवाई हमलों के जवाब में किया गया, जिसमें सना में दर्जनों लोग मारे गए और राजधानी के हवाई अड्डे को नष्ट कर दिया गया, जिसमें तीन वाणिज्यिक विमान भी शामिल थे। रविवार के हमले हाल के हफ्तों में हौथी-नियंत्रित बंदरगाहों पर इजरायली हमलों की श्रंखला में नवीनतम हैं, उन क्षेत्रों में ईंधन की बढ़ती कमी के बीच। पिछले हफ्ते, ओमान ने घोषणा की कि उसने हौथियों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक युद्धविराम समझौता कराया है, जिसके तहत हौथियों ने हौथी ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों को रोकने के बदले में लाल सागर में अमे. रिकी जहाजों पर हमलों को निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि हौती समूह ने शुक्रवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली।

# भारत से तीन मुद्दों पर बातचीत हो: आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्रॉक्सी को भी हराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान पर दोबारा हमला करने से पहले दो बार सोचेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान और भारत के लिए इन मुद्दों को हल करने का एक बड़ा मौका है। दोनों देशों के बीच ज्यादातर संघर्ष कश्मीर मुद्दे के कारण हुए हैं। पाकिस्तान के संघीय गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्राक्सी को भी हराया जाएगा।

## इंडोनेशिया में विस्फोट से चार सैनिकों समेत 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो चुके गोला-बारूद को नष्ट किए जाने के दौरान कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल वाह्यु युधायाना ने बताया कि यह घटना जकार्ता समयानुसार सुबह 9:30 बजे गरुट रीजेंसी के सागरा गांव में हुई। पीड़ितों में चार सैनिक और नौ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडोनेशियाई सेना के चार कर्मी और समुदाय के नौ सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दो छेदों में विस्फोट सफलतापूर्वक किया गया हालांकि, जब टीम तीसरे छेद में डेटोनेटर तैयार कर रही थी, तो एक अप्रत्याशित विस्फोट हुआ।

# 3400 करोड़ का विमान गिफ्ट में मिलेगा ट्रम्प को

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा तोहफा मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को तोहफा में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपये) है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह तोहफा किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह तोहफा अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थाई रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिका. रिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था।

कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन तोहफा में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा




गया है कि तोहफा मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।

सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। ट्रम्प तोहफा में मिले लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट का इस्तेमाल कुछ सालों बाद ही कर पाएंगे। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता। लेकिन बोइंग के साथ हुए सौदे में बार-बार देरी के कारण बजट से 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। बोइंग ने कहा कि प्लेन की डिलीवरी में साल 2027 तक का वक्त लग सकता है। ट्रम्प इससे नाराज हुए थे। उन्होंने कहा था कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद ट्रम्प फरवरी में कतर के 747-8 प्लेन को देखने गए थे। तब यह प्लेन फ्लोरिडा में पाम बीच एयरपोर्ट पर खड़ा था। ट्रम्प ने कहा था कि वे बोइंग से खुश नहीं हैं। वे बहुत लेट डिलीवरी करते हैं, ऐसे में हम एक प्लेन खरीद सकते हैं, या कहीं से हासिल कर सकते हैं।